

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित




5 'अमेठी के लोगों को को 50 साल तक विकास से वंचित रखा गया'
6 सीएए नागरिकता देने का कानून है, न कि छीनने का
7 निशांत जैसी फिल्मों में काम करना चाहती है महिमा मकवाना






## फर्स्ट टेक

### मेट्रो ट्रेन में चढ़ने से मना करने के मामले में कर्नाटक सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एक किसान को मेट्रो ट्रेन में चढ़ने से कथित रूप से रोकने के मामले में बुधवार को कर्नाटक सरकार के मुख्य सचिव और बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) के प्रबंध निदेशक को नोटिस दिया। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले में कर्नाटक सरकार के मुख्य सचिव और बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) के प्रबंध निदेशक से चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गयी है। आयोग ने इस मामले में मीडिया की खबरों का स्वत: संज्ञान लेते हुये यह नोटिस जारी किया।

### भाजपा केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक आज, पहली सूची आएगी

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केन्द्रीय चुनाव की गुरुवार को होने वाली बैठक में लोकसभा की 190 से 200 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम तय किये जाने और पहली सूची में 90 से सौ नाम तथा बाकी नाम एक सप्ताह के अंदर घोषित किये जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक के पहले अलग अलग राज्यों के लिए पार्टी की प्रदेश कोर समूहों की बैठकें कर रही है। पिछले कुछ दिनों में कई राज्यों के कोर समूहों के साथ केन्द्रीय नेतृत्व की बैठकें हो चुकीं हैं और आज भी मध्यप्रदेश सहित कुछ राज्यों के नेताओं के साथ बैठकें हो रहीं हैं।

### रूसी सेना ने पेट्रोव्स्कोय पर किया नियंत्रण

**मॉस्को/एजेन्सी।** रूस सशस्त्र बलों ने यूक्रेन में अवदीवका के पेट्रोव्स्कोय गांव पर कर लिया है। रक्षा मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गयी और बताया कि उनकी सेना ने अवदीवका में पेट्रोव्स्कोय गांव पर नियंत्रण कर लिया है, जिसे अवदीवका के नाम से भी जाना जाता है।

| 29-02-2024 सूर्यास्त 6:17 बजे | 30-02-2024 सूर्योदय 6:24 बजे |
| --- | --- |

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 72,304.88 | 21,951.15 |
| (-790.34) | (-247.20) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 6,465 रु. | 76,500 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**हाजिर हो**

जनप्रतिनिधि का दायित्व यही,
कर्तव्यों पर वे रहे स्थित।
बहुमूल्य वोट देकर उनको,
हमने चाहा जन-जन का हित।
संसद है पूजा स्थल उनका,
जब खुले रहे तब हाजिर नित।
वर्ना पूछेगी जनता अब,
क्यों रहे सदन से अनुपस्थित।।



## भारत के निर्माण के लिए काम करने का संकल्प लें छात्र : मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने युवाओं को भारत का सबसे बड़ा संसाधन और सबसे बड़ी पूंजी की संज्ञा देते हुए बुधवार को उनसे समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ काम करने का आह्वान किया।

वह रांची में केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, युवा भारत के सबसे बड़े संसाधन और सबसे बड़ी पूंजी हैं। हमारा देश विश्व की सबसे अधिक युवा आबादी वाले देशों में से एक है। भारत की अर्थव्यवस्था आज विश्व में पांचवें स्थान पर है और 2030 तक हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में युवाओं के पास न केवल सुनहरे भविष्य को बनाने की अपार संभावनाएं हैं बल्कि साथ ही उनके लिए परिस्थितियां भी अनुकूल हैं।

मुर्मू ने छात्रों से कहा कि उनका दायित्व केवल अपने लिए एक अच्छा जीवन बनाना नहीं है बल्कि समाज और देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना भी उनका नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा, उन्हें आज संकल्प लेना चाहिए कि वे जहां भी काम करेंगे, एक समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करेंगे, एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए काम करेंगे जहां सद्भाव हो और जहां प्रत्येक व्यक्ति का जीवन गौरवपूर्ण हो। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे हमेशा ध्यान रखें कि उनके काम से पिछड़े या वंचित वर्गों के लोगों को लाभ होगा या नहीं।

## मोदी ने किया तमिलनाडु में इसरो के नये प्रक्षेपण परिसर का शिलान्यास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**थूथुकुडी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यहां लगभग 17,300 करोड़ रुपये की नयी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पूर्ववर्ती सरकार पर तमिलनाडु की उन्नति के लिए कोई काम नहीं करने का आरोप लगाया। परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्धघाटन करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य प्रगति का नया अध्याय' लिख रहा है और केंद्र के प्रयासों के कारण तमिलनाडु आधुनिकता की नयी ऊंचाइयों को 'छू' रहा है।

उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में, तमिलनाडु में 1,300 किलोमीटर तक रेल बुनियादी ढांचे का विकास किया गया है। साथ ही, इसी अवधि में 2,000 किलोमीटर रेलवे लाइन का विद्युतीकरण किया गया है। मोदी ने कहा कि रेल यात्रियों की सुविधा के लिए सैकड़ों फ्लाईओवर और अंडरपास विकसित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि साथ ही रेलवे स्टेशनों पर सभी आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।




### कई अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया

मोदी ने कहा, भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन जलमार्ग पोत की आज शुरुआत हो गई है। यह पोत जल्द ही काशी की गंगा नदी में भी संचालित होगा। यह, एक तरह से, तमिलनाडु के लोगों की ओर से काशी के लोगों के लिए एक बड़ा उपहार है। 'विकसित भारत' के निर्माण के मिशन पर उन्होंने कहा कि इस प्रयास में विकसित तमिलनाडु' की बहुत बड़ी भूमिका है। वीओ चिदंबरनार बंदरगाह के लिए बाहरी हार्बर कंटेनर टर्मिनल की आधारशिला रखने के बाद, मोदी ने कहा कि इस परियोजना में लगभग 7,000 करोड़ रुपये की राशि का निवेश किया जायेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने थूथुकुडी के निकट कुलसेकरापट्टिनम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नये प्रक्षेपण परिसर का शिलान्यास किया, जिसकी लागत लगभग 986 करोड़ रुपये है और इसके बनकर तैयार होने पर यहां से प्रतिवर्ष 24 प्रक्षेपण किये जा सकेंगे।

## मोदी की रखी ठोस नींव भारत के लिए 'लॉन्च पैड' बनी : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेलगावी (कर्नाटक)/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रखी गई ठोस नींव अब देश के लिए अगले स्तर पर पहुंचने का 'लॉन्च पैड' बन गई है।

जयशंकर जिले के तालुका मुख्यालय चिक्कोडी में कर्नाटक लिंगायत एजुकेशन सोसाइटी के एक स्कूल के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी जब 2014 में प्रधानमंत्री बने तो भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और अब यह पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।


विदेश मंत्री ने कहा कि यह ''मोदी की गारंटी'' है कि भारत आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी और शीर्ष अर्थव्यवस्था होगा।

जयशंकर ने कहा, शीर्ष अर्थव्यवस्था बनने के लिए आपको कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। पिछले 10 वर्षों में बहुत काम किया गया है, अत्यंत कठोर परिश्रम किया गया है। पिछले 10 वर्षों में कई कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। उन्होंने इस संदर्भ में केंद्र सरकार की 'अन्न योजना, मुद्रा योजना' और 'उज्वला योजना' का हवाला दिया तथा कहा कि मुद्रा ऋण योजना के लाभार्थियों की संख्या जर्मनी की जनसंख्या से अधिक तथा 'आवास योजना' के लाभार्थियों की संख्या जापान की जनसंख्या से अधिक है।

यह रेखांकित करते हुए कि सरकार आम आदमी का बोझ कम करने की कोशिश कर रही है, उन्होंने कहा कि भारत में सबसे बड़ा बदलाव डिजिटल बदलाव है।

## देश को नशा मुक्त बनाना सरकार की प्रतिबद्धता : शाह

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि देश को नशा मुक्त बनाना सरकार की प्रतिबद्धता है। शाह ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा एक संयुक्त अभियान में तीन हजार किलो मादक पदार्थ जब्त किए जाने पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा,



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नशा मुक्त भारत के सपने को आगे बढ़ाते हुए हमारी एजेंसियों ने आज देश में विदेशों से लाई गई मादक पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती करने में बड़ी सफलता हासिल की है। एन सी बी, नौसेना और गुजरात पुलिस के संयुक्त अभियान में 3132 किलोग्राम ड्रग्स की बड़ी खेप जब्त की गई। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता देश को नशा मुक्त बनाने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने इस सफलता के लिए एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस को बधाई भी दी ।




## 'सरकार किसानों के साथ बातचीत के लिए तैयार'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि सरकार प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन अभी तक कोई बैठक तय नहीं हुई है। मुंडा ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) सोसायटी की 95वीं वार्षिक आम बैठक में यह भी कहा कि इस संबंध में जल्द समाधान खोजने की जरूरत है।

किसान समूहों के साथ अगले दौर की वार्ता की योजना के बारे में पूछने पर मुंडा ने कहा, ''अभी कुछ नहीं है।'' उन्होंने हालांकि कहा कि समाधान निकालने की जरूरत है और इसलिए बातचीत की जाएगी।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित अपनी मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं।

इससे पहले, मुंडा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान समुदाय के कल्याण के लिए जलवायु परिवर्तन और मिट्टी के कटाव की चुनौतियों से निपटने पर जोर दिया। मंत्री ने कहा कि सरकार अब देश की पोषण सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

### जम्मू-कश्मीर के दो संगठनों पर सरकार ने प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (भट गुट) को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को यह जानकारी दी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आतंकवादी नेटवर्क पर कड़ा प्रहार जारी रखते हुए केंद्र सरकार ने मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (भट गुट) को गैर-कानूनी संगठन घोषित कर दिया है। ये संगठन देश की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहे हैं। इससे पहले, केंद्र सरकार ने राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ गतिविधियों को जारी रखने को लेकर मंगलवार को जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया था।

## विकसित देशों ने वादे बहुत किए, कार्रवाई बहुत कम हुई : भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**अबू धाबी/भाषा।** भारत ने बुधवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में विकसित देशों ने विकास से संबंधित मुद्दों पर तमाम वादे किए हैं लेकिन उन मसलों पर 'बहुत' कम कार्रवाई देखने को मिलती है। इसके साथ ही भारत ने कहा कि मौजूदा नियमों में लचीलापन दिखाने की विकासशील देशों को तत्काल जरूरत है ताकि इन देशों में नए एवं युवा उद्योगों को अनुकूल नीतियों, प्रोत्साहनों, सब्सिडी और समान अवसर के संदर्भ में समर्थन मिल सके।

डब्ल्यूटीओ के शीर्ष निकाय मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की यहां चल रही 13वीं बैठक के दौरान भारत ने विकास पर आयोजित सत्र में कहा कि ऐतिहासिक रूप से विकास के मुद्दे पर विकसित देशों के वादों की कोई कमी नहीं रही है क्योंकि हरेक मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में 'ऊंची-ऊंची' बातों पर चर्चा होती रही है।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, वादे तो बहुत किए गए हैं लेकिन इस बारे में कार्रवाई बहुत कम हुई है। इसकी वजह से अल्प-विकसित देशों सहित विकासशील देशों की समस्याएं और बढ़ गई हैं। भारत ने मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की सहमति के लिए नए मुद्दों पर गौर करने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि पहले लिए जा चुके फैसलों और अधूरे निर्णयों पर कार्रवाई नहीं होने तक नए मुद्दे नहीं लाए जाने चाहिए।

## अवैध खनन मामले में सीबीआई ने अखिलेश यादव को तलब किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/लखनऊ/भाषा।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मामला दर्ज करने के पांच साल बाद अवैध खनन मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को बृहस्पतिवार को पूछताछ के लिए एक गवाह के रूप में बुलाया है।



नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सबसे ज्यादा निशाने पर सपा है तथा चुनावों के नजदीक आने के साथ ही नोटिस भी आते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 160 के तहत जारी नोटिस में सीबीआई ने उन्हें 2019 में दर्ज मामले के संबंध में 29 फरवरी को पेश होने के लिए कहा है। यह धारा एक पुलिस अधिकारी को जांच में गवाहों को बुलाने की अनुमति देती है।

सपा प्रवक्ता फखरूल हसन ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में बताया कि सीबीआई का नोटिस बुधवार को प्राप्त हुआ है।

## राष्ट्रीय दलों ने 2022-23 में 3,077 करोड़ रुपए की आय घोषित की, भाजपा की हिस्सेदारी सबसे अधिक

**नई दिल्ली/भाषा।** देश के छह राष्ट्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 3,077 करोड़ रुपए की अपनी कुल आय घोषित की है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सबसे अधिक यानी करीब 2361 करोड़ रुपए मिले। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 76.73 प्रतिशत है। आय के मामले में 452.375 करोड़ रुपए के साथ कांग्रेस ने दूसरा स्थान हासिल किया है। कांग्रेस की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 14.70 प्रतिशत है। भाजपा और कांग्रेस के अलावा बहुजन समाज पार्टी (बसपा), आम आदमी पार्टी (आप), नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भी अपनी आय घोषित की है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के बीच, भाजपा की आय वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 1917.12 करोड़ रुपए से 23.15% बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 2360.844 करोड़ रुपए हो गई। एनपीपी की आय वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 47.20 लाख रुपए से 7.09 करोड़ रुपए बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 7.56 करोड़ रुपए हो गई।

# लोकसभा चुनाव में राजग 400 सीट का आंकड़ा पार करेगा : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**यवतमाल/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आगामी लोकसभा चुनाव में 400 सीट का आंकड़ा पार करेगा और अगले पांच वर्ष में देश का तेजी से विकास होगा। मोदी यवतमाल जिले में एक रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने देश में, विशेषकर पूर्वी महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में लंबित सिंचाई परियोजनाओं को लेकर कांग्रेस की आलोचना की। यवतमाल जिला पूर्वी महाराष्ट्र में स्थित है। लोकसभा चुनाव से पहले मोदी ने कहा, हम (भाजपा नीत राजग) इस बार 400 सीट का आंकड़ा पार करेंगे। लोकसभा में कुल 543 सीट हैं। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है। उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार पर हमला बोला और कहा कि जब उन्होंने (2004 से 2014 तक कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार में) कृषि विभाग संभाला था, तो किसानों के लिए वित्तीय पैकेज की घोषणा की गई, लेकिन धन को लाभार्थियों तक पहुंचने से पहले ही अन्यत्र ठिकाने लगा दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले देश में 100 परिवारों में से केवल 15 को ही पाइप से पानी मिलता था।



## मुख्यमंत्री शिंदे के 'फर्जी' हस्ताक्षर और मोहर वाला ज्ञापन मिला, सीएमओ ने दर्ज कराई शिकायत

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यालय में आगे की कार्रवाई के लिए सौंपे गए कुछ ज्ञापनों में मुख्यमंत्री के जाली हस्ताक्षर और मोहर लगाने का पता चलने के बाद उनके कार्यालय ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी किए गए एक बयान के अनुसार, मरीन लाइन्स पुलिस थाने में यह शिकायत दर्ज कराई गई है। इसमें कहा गया, सीएमओ को आगे की कार्रवाई के लिए टिप्पणियों के साथ मुख्यमंत्री द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन और पत्र प्राप्त होते हैं, जिसके बाद दस्तावेजों को डाक अनुभाग और ई-ऑफिस प्रणाली के साथ पंजीकृत किया जाता है और फिर संबंधित विभागों को भेज दिया जाता है। सीएमओ ने बताया कि हाल में उसे मुख्यमंत्री के फर्जी हस्ताक्षर और मोहर वाले 10 से 12 ज्ञापन प्राप्त हुए। यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री ने घटनाक्रम को गंभीरता से लिया और सीएमओ को पुलिस में शिकायत दर्ज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यालय के कर्मचारियों को अधिक सतर्क रहने के लिए भी कहा है।

## हिमाचल में सारे विकल्प खुले, कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेंगे : कांग्रेस

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार पर मंडराए संकट के बीच बुधवार को कहा कि जनादेश को बरकरार रखने के लिए सारे विकल्प खुले हुए हैं तथा जरूरत पड़ने पर वह कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगी। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी लोगों के अधिकार को कुचलना और प्रदेश को 'राजनीतिक आपदा' में धकेलना चाहती है।

हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट पर हुए मतदान में कांग्रेस के छह विधायकों द्वारा 'क्रॉस वोटिंग' किए जाने के बाद भाजपा ने सीट पर जीत हासिल की थी और उसके बाद से राज्य में राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पर्यवेक्षकों से बात की है और उनसे कहा है कि वे विधायकों से बात करके जल्द रिपोर्ट सौंपें। उनका कहना है कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को बतौर पर्यवेक्षक शिमला भेजा है। पार्टी के हिमाचल प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला भी शिमला में मौजूद हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पर्यवेक्षक बृहस्पतिवार शाम तक अपनी रिपोर्ट खरगे को भेज सकते हैं और उसके बाद तत्काल निर्णय लिया जाएगा। समझा जाता है कि कांग्रेस के कुछ असंतुष्ट विधायक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की कार्यशैली से नाराज हैं।


## हम पूरे पांच साल तक सरकार चलाएंगे : मुख्यमंत्री सुक्खू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की हार के बाद पैदा राजनीतिक संकट के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को दावा किया कि वे पांच साल तक सरकार चलाएंगे।

सुक्खू ने 'पीटीआई वीडियो' के सवाल पर कहा, न तो केंद्रीय नेतृत्व ने और न ही किसी और ने मुझे इस्तीफा देने को कहा है और ऐसी कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा, जिस तरह का काम राज्य के भाजपा नेताओं द्वारा किया गया है.... वे अपने ही लोगों पर भरोसा नहीं करते। सीआरपीएफ तैनात की गई थी। हरियाणा पुलिस तैनात की गई थी। हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया।

हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस को झटका देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट जीत ली। भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी को हराया और इसी के तहत विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव का मंच तैयार हो गया।



सुक्खू ने कहा, लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि हिमाचल की जनता हमारे साथ है, विधायक हमारे साथ हैं और मैं इतना जरूर कह सकता हूं कि हम पांच साल तक हिमाचल में सरकार चलाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या मौजूदा स्थिति भाजपा के ''ऑपरेशन लोटस'' से उत्पन्न हुई है या ''अपने लोग'' ही इसके लिए जिम्मेदार है तो सुक्खू ने कहा, कुछ गलतियां हुई होंगी और उन गलतियों के कारण कुछ कमियां रही होंगी। उन्होंने साथ ही यह भी कहा, ऑपरेशन लोटस में जिस तरह के 'तंत्र-मंत्र' का इस्तेमाल किया गया था, उसकी इसमें बड़ी (भूमिका) है।

राज्य विधानसभा की 68 सीटों में से कांग्रेस के पास 40 और भाजपा के पास 25 सीटें हैं। प्रदेश में तीन निर्दलीय विधायक हैं। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को राज्यसभा सीट के लिए मतदान बराबरी पर रहा। कांग्रेस और भाजपा दोनों उम्मीदवारों को 34 वोट मिले, जो दर्शाता है कि कम से कम छह कांग्रेस विधायकों ने पार्टी के खिलाफ मतदान किया। उन्होंने बताया कि विजेता का फैसला लाटरी व्यवस्था से हुआ।

## वोडाफोन आइडिया का शेयर 14 प्रतिशत लुढ़का, बाजार पूंजीकरण 10,806 करोड़ रुपए घटा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कर्ज के बोझ से दबी दूरसंचार सेवा कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के शेयर में बुधवार को 14 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही कंपनी का बाजार मूल्यांकन 10,806.71 करोड़ रुपए गिरकर 66,447.95 करोड़ रुपए रह गया।

वीआईएल के शेयरों में आई यह गिरावट इस लिहाज से अहम है कि कंपनी के निदेशक मंडल ने एक दिन पहले ही 45,000 करोड़ रुपए जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसमें से 20,000 करोड़ रुपए प्रवर्तकों एवं अन्य निवेशकों से इक्विटी के रूप में जुटाई जाने हैं जबकि बाकी राशि कर्ज के रूप में जुटाई जाएगी।

लेकिन निवेशकों के बीच कंपनी नेतृत्व का यह कदम भी भरोसा जगा पाने में नाकाम रहा और उन्होंने बड़े पैमाने पर बिकवाली की।

बीएसई पर वोडाफोन आइडिया का शेयर 13.99 प्रतिशत गिरकर 13.65 रुपए पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 14.93 प्रतिशत गिरकर 13.50 रुपए पर आ गया था।

एनएसई पर यह 13.88 प्रतिशत गिरकर 13.65 रुपए पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 14.82 प्रतिशत तक गिरकर अपनी निचली सर्किट सीमा 13.50 रुपए पर आ गया था।

कर्ज में डूबी वीआईएल पर 2.1 लाख करोड़ रुपए का भारी-भरकम कर्ज है और यह लगातार तिमाही घाटा भी उठा रही है। इसके अलावा उसका ग्राहक आधार भी लगातार घटता जा रहा है।

## हिमाचल प्रदेश : कांग्रेस के छह 'बागी' विधायक विधानसभाध्यक्ष के समक्ष पेश हुए

**शिमला/भाषा।** राज्यसभा चुनाव में पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने वाले कांग्रेस के छह विधायक कारण बताओ नोटिस के जवाब में अपने वकील के साथ विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष पेश हुए और तर्क दिया कि संबंधित सभी दस्तावेज उन्हें मुहैया नहीं कराए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष छह कांग्रेस विधायकों का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यपाल जैन ने तर्क दिया कि उनके मुवक्किलों को केवल नोटिस और मंगलवार शाम को दाखिल याचिका की प्रति दी गई है जबकि अन्य संलग्नक नहीं मुहैया कराए गए। जैन ने कहा कि नियमों के तहत विधायकों को उन्हें दिए गए नोटिस का जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन का समय दिया जाना चाहिए। याचिका कांग्रेस के उन छह विधायकों के खिलाफ दाखिल की गई है जिन्होंने राज्यसभा चुनाव के दौरान 'क्रॉसवोट' किया था। दल-बदल विरोधी कानून के तहत जवाब के लिए सात दिन का समय समेत पांच या छह शर्तें हैं, जिनका पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि याचिका की प्रति उपलब्ध कराने के बाद भी जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन का समय दिया जाना चाहिए।




## जम्मू-कश्मीर के सांबा में सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'होमस्टे' की शुरुआत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सांबा/भाषा।** पूर्व सरपंच मोहन सिंह भट्टी ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास 'होमस्टे' की शुरुआत की है। तीन साल पहले भारत और पाकिस्तान के बीच नए सिरे से संघर्षविराम लागू होने के बाद जमीनी स्थिति में स्पष्ट बदलाव आया है।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने हाल में सीमा पर शांति के मद्देनजर सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रामगढ़ सेक्टर में प्रसिद्ध बाबा चमलियाल मंदिर के नजदीक होमस्टे के निर्माण के लिए अपनी मंजूरी दे दी थी।

अतीत में भारत-पाकिस्तान के बीच सौहार्द के प्रतीक माने जाने वाले बाबा चमलियाल मंदिर में हजारों भक्त आते हैं, खासकर वार्षिक मेले के अवसर पर यहां श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगता है। भट्टी ने फत्वाल के अपने दाग चक्री गांव में दो मंजिला 'होमस्टे' बनाया है। उन्होंने आगंतुकों को सीमा पर रहने का एहसास कराने और सीमा पार से गोलाबारी की स्थिति में किसी भी क्षति को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय के रूप में भूमिगत बंकर भी बनाया है।

भट्टी ने पीटीआई-भाषा से कहा, सीमा पर अपनी यात्रा में, आप सबकुछ देख सकते हैं, लेकिन बंकर नहीं, जिसका उपयोग हम सीमा पार गोलाबारी के दौरान करते रहे हैं। जिसने (सीमा यात्रा के दौरान) यह बंकर नहीं देखा, उसने कुछ नहीं देखा। उन्होंने कहा कि उन्होंने भूमिगत बंकर का निर्माण भी किया है ताकि दूसरी ओर से गोलीबारी या गोलाबारी होने की स्थिति में आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सांबा के उपायुक्त अभिषेक शर्मा ने कहा कि जिले में 55 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कई स्थान हैं जिनमें बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता है जैसे चमलियाल मंदिर, 300 साल पुराना मंदिर बाबू चक, बाबा बाली करण और बाबा सिद्ध गोरिया।

शर्मा ने कहा, केंद्र और जम्मू-कश्मीर प्रशासन दोनों सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पिछले साल, चमलियाल मंदिर में आने वाले पर्यटकों को आवास की समस्याओं का सामना करना पड़ा और इस अंतर को पाटने के लिए हम होमस्टे को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती निवासियों, विशेषकर युवा उद्यमियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है जो अपने घरों को 'होमस्टे' में बदलने के लिए तैयार हैं।

## बुजुर्ग कारोबारी से 3.61 करोड़ रुपए की साइबर ठगी, एक गिरफ्तार

**मुंबई/भाषा।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के 73 वर्षीय एक व्यवसायी से कथित तौर पर 3.61 करोड़ रुपए की ठगी करने के मामले में एक कपड़ा व्यापारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि साइबर पुलिस ने अब तक मामले में 2.20 करोड़ रुपए 'फ्रीज' कर दिए हैं और 330 बैंक खातों में लेन-देन पर रोक लगा दी है। अधिकारी ने कहा कि कथित लेनदेन पिछले साल 20 मई से सात अक्टूबर के बीच हुआ था। बुजुर्ग व्यवसायी से दो महिलाओं सहित तीन लोगों ने ऑनलाइन संपर्क किया था जिन्होंने उन्हें भारी मुनाफा का प्रलोभन देकर निवेश करने के लिए मनाया था।

अधिकारी ने कहा, आरोपियों ने एक व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया था। उन्होंने पीड़ित से ऑनलाइन समझौता किया और उसकी प्रति उनके ईमेल पते पर भेजी। व्यवसायी का विश्वास हासिल करने के लिए निवेश पर रिटर्न का उल्लेख करने वाला समझौता ग्रुप में भी साझा किया गया था।

पीड़ित ने 3.61 करोड़ रुपए का निवेश किया था लेकिन जब उसे निवेश पर कोई लाभ नहीं मिला तो उन्होंने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के वेस्ट रीजन साइबर पुलिस थाने से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई।

जांच के दौरान कपड़ा इकाई के मालिक केताब अली काबिल बिस्वास का नाम सामने आया और उन्हें सोमवार को भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।



### पार्टी सांसद अरविंद ने वीडियो में कहा

## भाजपा को वोट दीजिए, अन्यथा नरक में जाओगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** निजामाबाद के लोकसभा सदस्य डी अरविंद का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह यह कहते हुए सुनाई देते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के बाद भी यदि लोग भाजपा का समर्थन नहीं करेंगे तो वे नरक में जायेंगे। इस वीडियो में भाजपा सांसद अरविंद (तेलंगाना में) विजय संकल्प यात्रा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए और उनसे यह अनुरोध करते हुए दिखाई दे रहे हैं 'जो हाथ आपको खिला रहा हो, उसे मत काटिए'।

वीडियो में भाजपा सांसद को यह कहते हुए देखा जा सकता है, आपको मुफ्त भोजन, मुफ्त गैस मिल रही है, अच्छे स्कूल खोले जा रहे हैं। वह (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) आपके स्वास्थ्य का ध्यान रख रहे हैं। वह शादियों के लिए पैसे भेज रहे हैं। वह एसएचजी (स्वयं सहायता समूहों) को ऋण दे रहे हैं। यह नरेन्द्र मोदी ही हैं जिन्होंने तीन तलाक को समाप्त किया तथा आपका आत्मसम्मान सुनिश्चित किया। वह यह भी कहते हैं, इन सब बातों के बाद भी, यदि आप कांग्रेस या बीआरएस को वोट देते हैं तो 'ऊपरवाला' आपको नरक में ले जाएगा। आप स्वर्ग में नहीं जायेंगे। मैं कह रहा हूं कि आप नरक में जायेंगे। जो हाथ आपको खिला रहा हो, उसे मत काटिए।

अरविंद से इस टिप्पणी के संबंध में संपर्क नहीं किया जा सका है। उन्होंने जनसभा से अपील की कि यदि वे स्वर्ग जाना चाहते हैं तो उन्हें उन लोगों का समर्थन और उनके पक्ष में वोट डालना चाहिए जो देश की सेवाएं दे रहे हैं और उसे सुरक्षित बना रहे हैं। उनका इशारा भाजपा की ओर था।

उन्हें भीड़ से यह कहते हुए सुना जा सकता है, अन्यथा ईश्वर भी आप लोगों को माफ नहीं करेगा।

अरविंद एक अन्य वीडियो में भी नजर आए जिसमें वह कह रहे हैं कि सभी हिंदुओं को एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करना चाहिए अन्यथा वे नरक में जायेंगे।

इसी वीडियो में उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है कि असली गद्दार तो वे हैं जो हिंदू समाज से आते हैं लेकिन भाजपा का समर्थन नहीं करते हैं।

## महाराष्ट्र में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में कव्वाली गायिका गिरफ्तार

**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में एक कव्वाली गायिका को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, आरोपी रोशनी बबलू शेख (40) को 26 फरवरी को मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ द्वारा चलाए गए एक अभियान में पकड़ा गया था। उन्होंने कहा, आरोपी महिला मुंबई के सांताक्रूज, अंधेरी, दहिसर, बोरिवली और अन्य इलाकों में देह व्यापार का संचालन करती थी। जब पुलिस को इसके बारे में शिकायत मिली, तो उसने काशीमीरा में मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर सड़क किनारे स्थित एक प्रसिद्ध भोजनालय में जाल बिछाया और उसे पकड़ लिया। एक महिला पीड़ित को भी बचाया गया और सौदे में शामिल नकदी भी जब्त कर ली गई। अधिकारी ने बताया कि बचाई गई महिला को पुनर्वास केंद्र भेज दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक समीर अहिरराव ने कहा कि आरोपी महिला के खिलाफ अनैतिक तस्करी (रोकथाम) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बेहद अमीर भारतीयों ने 32 प्रतिशत पूंजी आवासीय संपत्तियों में लगाई : रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के बेहद अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर और बाहर आवासीय संपत्तियों में निवेश किया हुआ है। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

संपत्ति सलाहकार कंपनी नाइट फ्रैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अत्यंत धनवान भारतीयों की 32 प्रतिशत पूंजी आवासीय संपत्तियों में लगी हुई है। उनके आवासीय पोर्टफोलियो का करीब 14 प्रतिशत देश के बाहर आवंटित है। तीन करोड़ डॉलर से अधिक की शुद्ध संपत्ति वाले लोगों को अत्यंत धनवान लोगों की श्रेणी में रखा जाता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में इस श्रेणी के एक भारतीय व्यक्ति के पास औसतन 2.57 घर हैं जबकि 28 प्रतिशत लोगों ने अपने दूसरे घरों को किराए पर दिया हुआ था। करीब 12 प्रतिशत धनाढ्य भारतीय वर्ष 2024 में एक नया घर खरीदने की योजना बना रहे हैं। पिछले साल भी करीब इतने ही प्रतिशत लोगों ने नया घर खरीदा था। वहीं वैश्विक स्तर पर 22 प्रतिशत बेहद अमीर लोगों के इस साल नया घर लेने की संभावना है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, देश के अत्यंत धनवान लोगों के बीच महंगे घर निवेश का मुख्य जरिया बने हुए हैं।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, महंगे आवासों के अंतरराष्ट्रीय सूचकांक में मुंबई 2023 में आठवें स्थान पर रहा जबकि साल भर पहले यह 37वें स्थान पर था। इसके पीछे लग्जरी आवासीय इकाइयों की कीमतों में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत वृद्धि की अहम भूमिका रही। इस सूचकांक में फिलीपीन की राजधानी मनीला 26 प्रतिशत कीमत वृद्धि के साथ पहले स्थान पर रही जबकि दुबई 16 प्रतिशत वृद्धि के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गई।

वहीं भारतीय शहरों में दिल्ली 2022 के 77वें स्थान से उछलकर पिछले साल 37वें स्थान पर आ गया। वहीं बेंगलूरु 63वें स्थान से 59वें स्थान पर आ गया।

## डिज्नी, रिलायंस ने भारत में अपने मीडिया परिचालन के विलय की घोषणा की

**नई दिल्ली/भाषा।** वॉल्ट डिज्नी कंपनी और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बुधवार को भारत में अपने मीडिया परिचालन का विलय कर 70,000 करोड़ रुपए की एक बड़ी कंपनी बनाने की घोषणा की।

डिज्नी और रिलायंस इस संबंध में एक बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर करेंगी। कंपनियों ने एक बयान में कहा कि संयुक्त इकाई में रिलायंस और उसकी सहायक इकाइयों की हिस्सेदारी 63.16 प्रतिशत होगी। दूसरी ओर डिज्नी के पास बाकी 36.84 प्रतिशत हिस्सेदारी रहेगी। रिलायंस ने ओटीटी कारोबार को बढ़ाने के लिए संयुक्त उद्यम में लगभग 11,500 करोड़ रुपए का निवेश करने पर भी सहमति जताई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी संयुक्त कंपनी की चेयरपर्सन बनेंगी, जबकि उदय शंकर वाइस चेयरपर्सन होंगे।

## विधि आयोग संविधान में अध्याय जोड़कर 2029 में एक साथ चुनाव का प्रस्ताव रख सकता है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** विधि आयोग संविधान में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर एक नया अध्याय जोड़ने और 2029 के मध्य तक देशभर में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सिफारिश कर सकता है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाला आयोग एक साथ चुनावों पर 'नया अध्याय या खंड' जोड़ने के लिए संविधान में संशोधन की सिफारिश करेगा। आयोग अगले पांच वर्षों में 'तीन चरणों' में विधानसभाओं के कार्यकाल को एक साथ करने की भी सिफारिश करेगा, ताकि देशभर में पहली बार एक साथ चुनाव मई-जून 2029 में 19वीं लोकसभा के चुनाव के साथ हो सकें। सूत्रों ने बताया कि संविधान के नए अध्याय में 'एक साथ चुनाव, एक साथ चुनावों की स्थिरता' और लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों और नगरपालिकाओं के लिए 'सामान्य मतदाता सूची' से संबंधित मुद्दे शामिल होंगे, ताकि त्रि-स्तरीय चुनाव एक साथ 'एक ही बार में' हो सकें। जिस नए अध्याय की सिफारिश की जा रही है, उसमें विधानसभाओं की शर्तों से संबंधित संविधान के अन्य प्रावधानों को खत्म करने की अस्तित्वहीन शक्ति के प्रावधान किए जाएंगे।




# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु में नई परियोजनाओं की शुरुआत की, कांग्रेस और द्रमुक पर निशाना साधा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**थूथुकुडी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु में इसरो के एक नये प्रक्षेपण परिसर सहित लगभग 17,300 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का बुधवार को उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां के निकट कुलसेकरापट्टिनम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नये प्रक्षेपण परिसर का शिलान्यास किया, जिसकी लागत लगभग 986 करोड़ रुपये है और इसके बनकर तैयार होने पर यहां से प्रतिवर्ष 24 प्रक्षेपण किये जा सकेंगे।

मोदी ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर जमकर निशाना साधा और उस पर केंद्रीय योजनाओं में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने थूथुकुडी में परियोजनाओं का उद्घाटन किया और तमिलनाडु की अपनी दो दिवसीय यात्रा की समाप्ति से पहले तिरुनेलवेली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक रैली को संबोधित किया। मोदी ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर पर चर्चा के दौरान संसद से बहिर्गमन करने को लेकर भी द्रमुक की आलोचना की। मोदी ने संसद में इस मुद्दे पर चर्चा के दौरान विपक्ष के बहिर्गमन का स्पष्ट रूप से संदर्भ देते हुए कहा कि 'द्रमुक का भाग जाना' लोगों की आस्था के प्रति उसकी 'नफरत' को दर्शाता है।

मोदी ने तिरुनेलवेली में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, तमिलनाडु का श्री राम से जुड़ाव जगजाहिर है। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले, ''मैं धनुषकोडी (तमिलनाडु) समेत विभिन्न मंदिरों में गया था। पूरा देश खुश था कि इतने सालों बाद मंदिर बन रहा है। संसद में इससे जुड़ा मामला उठा तो द्रमुक के सांसद भाग खड़े हुए।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''द्रमुक ने फिर साबित कर दिया कि वह आपकी आस्था से कितनी नफरत करती है।'' उन्होंने कहा, ''द्रमुक और कांग्रेस लोगों, समाज के बीच दरार पैदा करते हैं जबकि हम सभी को परिवार के रूप में देखते हैं।'' मोदी ने सत्तारूढ़ द्रमुक पर तमिलनाडु में केंद्रीय योजनाओं में सहयोग नहीं करने का भी आरोप लगाया और परिवारवाद की राजनीति को लेकर द्रविड़ पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''अब उन्होंने सभी हद पार कर दी है। उन्होंने तमिलनाडु में इसरो प्रक्षेपण परिसर का श्रेय लेने के लिए चीन का स्टिकर चिपका दिया है। यह हमारे देश का अपमान है, हमारे देशभक्त अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का अपमान है। तमिलनाडु के लोग द्रमुक को इसके लिए सजा देंगे।''

भाजपा की तमिलनाडु इकाई ने आरोप लगाया कि एक विज्ञापन में द्रमुक ने कुलसेकरपट्टिनम में इसरो के नये परिसर के लिए श्रेय लेने के वास्ते चीन के 'ध्वज' और चीन की 'भाषा' का इस्तेमाल किया। इस पृष्ठभूमि में, मोदी ने आरोप लगाया कि द्रमुक भारत की प्रगति और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में देश की उपलब्धियों की सराहना करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा, यह विज्ञापन आपके द्वारा चुकाए गए कर (टैक्स) से दिया गया है। इसमें भारत की अंतरिक्ष सफलता का जिक्र नहीं है, वे इसे दुनिया के सामने उजागर नहीं करना चाहते हैं। इस बीच द्रमुक की उप महासचिव कनिमोई ने कहा कि इसरो की नई प्रक्षेपण परिसर योजना पिछले 10 वर्षों में उनकी पार्टी के निरंतर प्रयासों को चिह्नित करती है, जो तमिलनाडु के विकास को गति देगी। तमिलनाडु के लिए अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, मोदी ने ''हिंदी भाषी'' राज्य मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के निर्वाचन का जिक्र किया।

प्रधानमंत्री ने द्रमुक और उसकी सहयोगी पार्टी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और उन पर लोगों के बीच दरार पैदा करने का आरोप लगाया और परिवारवाद की राजनीति के लिए उनकी आलोचना की। उन्होंने कहा कि द्रमुक के दिवंगत संरक्षक एम करुणानिधि अपने बेटे एम के स्टालिन को अगला मुख्यमंत्री बनाने के इच्छुक थे और इसी तरह स्टालिन की इच्छा भी अपने बेटे उदयनिधि को मुख्यमंत्री बनाने की है।



मोदी ने कहा कि द्रमुक नेता केवल अपने बच्चों के लिए एक अच्छा भविष्य सुनिश्चित करने के इच्छुक हैं और इसके विपरीत वह लोगों को उनके बच्चों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य की गारंटी देते हैं।

प्रधानमंत्री ने दिवंगत मुख्यमंत्री एम जी रामचंद्रन की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें यकीन है कि तमिलनाडु के लोग केवल अपने परिवारों के लिए काम करने वालों को नकार देंगे और गरीब परिवारों के लिए काम करने वालों का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि ''विकास विरोधी' राजनीतिक दलों और राज्य के विकास का विरोध करने वाली द्रमुक सरकार ने तमिलनाडु के विकास के नाम पर आपको बहुत लूटा है। उन्होंने कहा, ''मोदी ऐसा नहीं होने देगा। और यह मोदी की गारंटी भी है।'' मोदी ने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्रीय हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पाकिस्तान से भारतीय वायुसेना के लड़ाकू पायलट अभिनंदन की रिहाई, कतर से नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों और श्रीलंका तथा अन्य देशों के मछुआरों की रिहाई का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस या गठबंधन सरकारों के तहत, भारतीयों की सुरक्षा के लिए इतनी त्वरित कार्रवाई संभव नहीं होगी। वे वर्षों तक पाकिस्तान में एक भारतीय की भी सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी विफल रहे।''

देश को 'विकसित भारत' बनाने पर उन्होंने कहा, सेवा का हमारा अभी तक का रिकॉर्ड लोगों को यह विश्वास दिलाता है कि केवल भाजपा ही राज्य को सही भविष्य की ओर ले जा सकती है और अगले पांच साल के लिए उनके पास एक दृष्टिकोण भी है। परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्धघाटन करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य 'प्रगति का नया अध्याय' लिख रहा है और केंद्र के प्रयासों के कारण तमिलनाडु आधुनिकता की नयी ऊंचाइयों को 'छू' रहा है। सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि समाचार पत्र और टीवी चैनल केंद्र सरकार के प्रयासों को दिखाना चाहते हैं लेकिन सरकार उन्हें ऐसा करने की अनुमति तक नहीं दे रही। मोदी ने कहा, लेकिन हम विकास कार्यों से पीछे नहीं हटेंगे। कनिमोइ और तमिलनाडु के लोक निर्माण मंत्री ईवी वेलु मंच पर मौजूद थे।

तमिलनाडु के तूतीकोरिन में भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन जलमार्ग पोत को हरी झंडी दिखाते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों के कारण परिवहन बढ़ने से तमिलनाडु में 'जीवन में सुगमता' आई है। मोदी ने कहा कि नयी परियोजनाएं विकसित भारत की रूपरेखा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, मैं जो कुछ कह रहा हूं वह किसी राजनीतिक विचारधारा या अपनी विचारधारा के मुताबिक नहीं बल्कि विकास के लिए है। विकास परियोजनाओं को शुरू करने में देरी के लिए द्रमुक-कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, मैं तमिलनाडु और पूरे देश की जनता को सच्चाई बताना चाहता हूं। सच कड़वा होता लेकिन इसे बताये जाने की जरूरत है...ये सभी परियोजनाएं, जिन्हें मैं लेकर आया हूं, दशकों से स्थानीय लोगों की मांग रही हैं।'' द्रमुक पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के दौरान तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी उसकी साझेदार थी। मोदी ने कहा, उन्हें (द्रमुक और कांग्रेस को) आपके विकास की चिंता नहीं थी। उन्होंने अपने संदर्भ में कहा कि विकास की सभी 'पहल सेवक' ने की। वीओ चिदंबरनार बंदरगाह के लिए बाहरी हार्बर कंटेनर टर्मिनल की आधारशिला रखने के बाद, मोदी ने कहा कि इस परियोजना में लगभग 7,000 करोड़ रुपये की राशि का निवेश किया जायेगा। बाद में, 'एक्स' पर एक पोस्ट में, मोदी ने कहा, तमिलनाडु में मेरी बहनों और भाइयों से मुझे अपार स्नेह मिला है। उन्होंने कहा, ''हमारे कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में युवा और महिला शामिल हुए। ये आशीर्वाद मुझे लोगों के लिए और भी अधिक मेहनत करने की ताकत देते हैं।''

## रेल परियोजनाओं को देश को समर्पित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु में रेल परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित कीं। इसमें वांची मनियाच्ची-नागरकोइल रेल लाइन का दोहरीकरण शामिल है। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में लगभग 4,586 करोड़ रुपये की कुल लागत से विकसित चार सड़क परियोजनाओं को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के एक एपिसोड के दौरान देश के प्रमुख प्रकाश स्तंभों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने के अपने सुझाव को याद किया और आज 10 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में 75 प्रकाश स्तंभों में पर्यटक सुविधाएं दिये जाने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि ये 75 स्थान आने वाले समय में बहुत बड़े पर्यटन केंद्र बनेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने लोगों को एक गारंटी दी है जो इस बात का आश्वासन है कि आगामी चुनावों के बाद जब देश उन्हें तीसरी बार सेवा करने का मौका देगा तो वह नए उत्साह के साथ उनकी सेवा करेंगे। मोदी ने कहा, मैं तमिलनाडु के लोगों के प्यार, उत्साह और उमंग को व्यर्थ नहीं जाने दूंगा। आपके इस प्यार और आशीर्वाद को मैं विकास के माध्यम से ब्याज समेत वापस करुंगा।



## डीआरएम ने पीसीईटी की पहली सेवा को हरी झंडी दिखाई

### कोरुक्कुपेट गुड्स शेड से अज़ारा तक पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन हुई रवाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चेन्नई मंडल रेल प्रबंधक बी.विश्वनाथ ईरीया ने मंगलवार को कोरुक्कुपेट गुड्स शेड से गुवाहाटी के अज़ारा रेलवे स्टेशन तक राउंड ट्रिप के आधार पर पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन (पीसीईटी) की पहली सेवा को हरी झंडी दिखाई।

इस कार्यक्रम के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक तेजप्रताप सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एम. भरत कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। पीसीईटी में कार के टायर, चॉकलेट, फास्ट मूविंग उपभोक्ता सामान, हथकरघा सामान, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक और कॉयर उत्पाद शामिल होंगे।

इस पीसीईटी से अनुमानित न्यूनतम राजस्व रु. प्रति यात्रा 11.25 लाख। यह पीसीईटी अनुबंध मेसर्स को प्रदान किया गया है।

एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, दिल्ली को 6 साल की अवधि के लिए 105 करोड़ रुपये के कुल अनुबंध किया। एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड पूरे भारत में 50 से अधिक शाखाओं के साथ सड़क और रेल परिवहन, रीफर्स/कोल्ड चेन और वेयरहाउसिंग सेगमेंट में विशेषज्ञता रखती है।

## लोकसभा चुनाव : आईयूएमएल ने केरल में दो और तमिलनाडु में एक उम्मीदवार को मैदान में उतारा



**मलप्पुरम।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को केरल में दो और तमिलनाडु में एक मौजूदा सांसदों को टिकट देने की घोषणा की। पार्टी सुप्रीमो सैय्यद सादिक अली शिहाब थंगल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता ई. टी. मोहम्मद बशीर मलप्पुरम से और मौजूदा लोकसभा सदस्य अब्दुल समद समदानी, पोन्नानी से अपनी किस्मत आजमाएंगे।

थंगल ने यह भी कहा कि पार्टी ने तमिलनाडु के रामनाथपुरम से अपने मौजूदा सांसद के. नवस्कनि को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है। हैरानी की बात ये है कि पोन्नानी से मौजूदा सांसद बशीर मलप्पुरम से चुनाव लड़ेंगे और लोकसभा में मलप्पुरम का प्रतिनिधित्व कर रहे समदानी आगामी चुनाव में पोन्नानी से अपनी किस्मत आजमाएंगे।

मलप्पुरम और पोन्नानी उत्तरी केरल के मुस्लिम बहुसंख्यक निर्वाचन क्षेत्र हैं। थंगल ने कहा, ''पार्टी आलाकमान की कांग्रेस और यूडीएफ नेताओं के साथ बातचीत के बाद केरल में उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर लगाई गयी है।'' उन्होंने कहा, ''आईयूएमएल लंबे समय से राष्ट्रीय और संसदीय राजनीति में सक्रिय रूप से हिस्सा ले रही है। इस बार, हम तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं, जिसमें से केरल में दो और तमिलनाडु में एक सीट शामिल है।'' आईयूएमएल सुप्रीमो ने कहा कि पार्टी केरल में कांग्रेस नीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) और तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सहयोगी के रूप में चुनाव लड़ रही है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्यसभा सीट के लिए पार्टी के उम्मीदवार की घोषणा बाद में की जाएगी।

कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने आईयूएमएल को एक राज्यसभा सीट देने का वादा किया है क्योंकि आईयूएमएल ने इस बार एक अतिरिक्त लोकसभा सीट की मांग रखी थी।

## राजीव गांधी की हत्या के दोषी संथन की मौत



**चेन्नई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए संथन की दिल का दौरा पड़ने से बुधवार को मौत हो गयी। सरकार के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। संथन को उच्चतम न्यायालय ने बाद में रिहा कर दिया था। संथन उर्फ टी. सुतेनदिराजा (55) एक श्रीलंकाई नागरिक था और उन सात लोगों में से एक था जिसे पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के जुर्म में 20 वर्ष से ज्यादा की जेल की सजा काटने के बाद 2022 में उच्चतम न्यायालय ने रिहा कर दिया था। राजीव गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल के डीन ई थेरानिरजन ने बताया कि संथन की मौत सुबह सात बजकर 50 मिनट पर हुई। संथन का यकृत खराब था और उसका उपचार किया जा रहा था। थेरानिराजन ने कहा कि संथन को बुधवार तड़के करीब चार बजे दिल का दौरा पड़ा, इसके बाद उसे सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) दिया गया और वेंटिलेटर पर रखा गया था।

उन्होंने कहा कि संथन पर उपचार का कोई असर नहीं हुआ और आज (बुधवार) सुबह सात बजकर 50 मिनट पर उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया, ''शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और शव को श्रीलंका भेजने के लिए कानूनी व्यवस्थाएं की जा रही हैं।''

डीन ने कहा कि संथन को 27 जनवरी को यकृत खराब होने के कारण तिरुचिरापल्ली के एक विशेष शिविर से यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया था। संथन को रिहाई के बाद से तिरुचिरापल्ली के एक विशेष शिविर में रखा गया था।

उच्चतम न्यायालय ने 2022 में संथन को छह अन्य दोषियों के साथ जेल से रिहा करने और 23 फरवरी को उसके पक्ष में फैसला सुनाते हुए उसे श्रीलंका वापस भेजने का आदेश जारी किया था। इसके बावजूद संथन को घर नहीं भेजा जा सका। संथन को 28 जनवरी को गंभीर हालत में तिरुचिरापल्ली के महात्मा गांधी मेमोरियल सरकारी अस्पताल से राजीव गांधी सरकारी सामान्य अस्पताल (आरजीजीजीएच) के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। संथन का अस्पताल में 'क्रिप्टोजेनिक सिरोसिस' का उपचार किया जा रहा था।

पिछले साल मई में संथन ने तिरुचिरापल्ली के विशेष शिविर से रिहा करने की अपील की थी। उसने कथित तौर पर ऐसा कहा था कि जेल शरणार्थियों के लिए विशेष शिविर के कमरों से कही बेहतर है। राज्य सरकार ने 13 फरवरी को मद्रास उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि चेन्नई में स्थित श्रीलंकाई उप उच्चायोग ने संथन को अस्थायी यात्रा दस्तावेज जारी किया था।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालय : तिरुचिरापल्ली
संख्या-11 बी/2 एवं बी/3, द्वितीय तल, आनंदा ग्रैंड, शास्त्री रोड, तिल्लै नगर, तिरुचिरापल्ली - 620017

पट्टे पर परिसर की आवश्यकता

तंजावूर, दक्षिण मेन रोड पर स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा को दक्षिण मेन रोड के आस-पास स्थानांतरित करने के लिए 1700±10 प्रतिशत वर्ग फुट के कारपेट क्षेत्र के परिसर की आवश्यकता है, जो हमारे विनिर्देशानुसार तंजावूर में भू तल में अच्छे अग्रभाग के साथ, मेन रोड पर पर्याप्त पार्किंग के साथ किराए के लिए तैयार स्थिति में हो।

स्वामित्व रखने वाले या स्वामियों की तरफ से समझौता करने की शक्ति रखने वाले संभावित विक्रेता तकनीकी बोली/वाणिज्यिक बोली के प्रारूप नीचे दिए गए पते पर 29.02.2024 से कार्यालय समय के दौरान प्राप्त कर सकते है या बैंक की वेबसाइट (www.unionbankofindia.co.in) या (http://eprocure.gov.in) से डाउनलोड कर सकते हैं। तकनीकी और वाणिज्यिक बोलियों के साथ परिसर का प्रस्ताव अलग-अलग सीलबंद लिफाफे में ''1. तकनीकी बोली, 2. वाणिज्यिक बोली'' लिखकर निम्नलिखित पते पर पहुंचाना होगा :

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, तिरुचिरापल्ली
संख्या-11 बी/2 एवं बी/3, द्वितीय तल, आनंदा ग्रैंड,
शास्त्री रोड, तिल्लै नगर, तिरुचिरापल्ली - 620017

जमा कराने की **अंतिम तिथि 20.03.2024 को अपराह्न 3.30 बजे** तक है।

**तकनीकी बोलियां 20.03.2024 की शाम को 4.00 बजे** विक्रेता/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उपर्युक्त पते पर खोली जाएंगी। किसी भी दलाल या मध्यस्थ को अनुमति नहीं है। बैंक बिना कोई कारण बताए प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

दिनांक : 27.2.2024
स्थान : तिरुचिरापल्ली
ह/
सहायक महाप्रबंधक

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै (उत्तर) नं. 139, ब्रॉडवे, चेन्नै - 600108

30 केडब्ल्यूपी ऑन-ग्रिड रूफ टॉप सौर ऊर्जा प्लांट के डिजाइन, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए निविदा आमंत्रित करने की सूचना

**अग्रणी राष्ट्रीयकृत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, अपने क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै उत्तर, नं. 139, प्रकासम रोड, ब्रॉडवे, चेन्नै-600104 पर 30 केडब्ल्यूपी ऑन-ग्रिड रूफ टॉप सौर ऊर्जा प्लांट के डिजाइन, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए पात्र विक्रेताओं से निर्धारित प्रारूप में दो बोली प्रणाली यानी तकनीकी बोली और वित्तीय/मूल्य बोली में मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करता है।**

इच्छुक विक्रेता **29.02.2024 से** कार्यालय समय के दौरान **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै उत्तर, नं. 139, प्रकासम रोड, ब्रॉडवे, चेन्नै-600104** से तकनीकी बोलियां और वित्तीय/मूल्य बोलियां दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** या सीपीपी पोर्टल **www.eprocure.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं।

बोलियाँ दो लिफाफों में प्रस्तुत की जानी चाहिए। लिफाफा सं. 1 को तकनीकी बोली के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए और इसमें अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से निकाले गए डिमांड ड्राफ्ट / भुगतान आदेश के रूप में ईएमडी, पूर्व योग्यता आवेदन के साथ बोली लगाने वाले की तकनीकी बोली शामिल होगी। लिफाफा सं. 2 को वित्तीय/मूल्य बोली के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए। दोनों लिफाफों को तीसरे लिफाफे में रखें और उस पर उक्त विषय की निविदा लिखें और हमारे क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै उत्तर में **21.03.2024 को अपराह्न 3.00 बजे** तक जमा कराएं।

तकनीकी बोलियां **21.03.2024 को शाम 4.00 बजे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै उत्तर, दूसरी मंजिल, नं. 139, प्रकासम रोड, ब्रॉडवे, चेन्नै-600104** में बोलीदाताओं/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएँगी।

बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 28.02.2024
ह/-
क्षेत्रीय प्रमुख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



# मिश्र ने आदिवासी क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण के प्रयासों से उद्यमिता विकास पर दिया जोर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने महिला सशक्तीकरण के प्रयासों की सराहना करते हुए जनजातीय क्षेत्रों में स्थानीय स्तर के लघु और कुटीर उद्योगों से जुड़ी उद्यमिता विकास के और अधिक प्रयास किए जाने पर जोर दिया हैं। मिश्र ने बुधवार को राजभवन में आदिवासी क्षेत्र कुशलगढ़ में घरेलू उद्योग धंधों, सिलाई कढ़ाई, मेंहदी प्रशिक्षण और अन्य स्थानीय कार्यों के स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनी महिलाओं के उनसे मुलाकात के अवसर पर यह जोर दिया। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण के प्रयासों की सराहना भी की। उन्होंने आदिवासी क्षेत्र में कार्य कर रही इन महिलाओं के द्वारा किए जा रहे कार्यों को रुचि लेकर सुना और कहा कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता से ही जनजातीय क्षेत्रों का तेजी से विकास हो सकता है। कुशलगढ़ और आस पास के आदिवासी क्षेत्र की इन महिलाओं ने राज्यपाल को बताया कि कैसे स्थानीय संसाधनों, सिलाई, मेंहदी, कंप्यूटर आदि का सुनियोजित प्रशिक्षण लेकर उन्होंने गांवों में अपनी दुकान खोली, बाजार में उत्पाद बेच रही हैं और अन्य रोजगार गतिविधियों से तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही हैं। उन्होंने अपने उत्पाद भी राज्यपाल को दिखाए।

इस दौरान प्रतिध्वनि संस्थान की सचिव डॉ. निधि जैन ने आदिवासी क्षेत्र की महिलाओं की आत्मनिर्भरता की सखी योजना के बारे में बताया तथा स्वरोजगार के ऐसे प्रयासों में सहयोग के लिए आग्रह भी किया।

# अजमेर दरगाह के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कार्रवाई की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने अजमेर जिलाधीश को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें एक हिंदू संगठन के नेता द्वारा अजमेर दरगाह के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर सात दिन में रिपोर्ट देने को कहा गया है। आयोग के सचिव बाबू लाल जाट ने ज्ञापन में हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता पर सोशल मीडिया के माध्यम से हजरत मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह शरीफ अजमेर के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने व अपमानजनक शब्द कहे जाने और सांप्रदायिक माहौल खराब किये जाने का आरोप लगाया है। हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता ने दरगाह के संबंध में हाल में कथित विवादास्पद बयान देते हुए जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से इसका सर्वेक्षण कराने की मांग की थी। बाद में मुस्लिम समुदाय ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। राजस्थान राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष रफीक खान से मंगलवार को अजमेर दरगाह के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। बाद में प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू से मुलाकात कर मामले में कार्रवाई करने का आग्रह किया।

आयोग के अध्यक्ष रफीक खान ने मंगलवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी और पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस बात के लिए मंगलवार को अजमेर से एक प्रतिनिधिमंडल आयोग के कार्यालय में आया था.. और मैं इस प्रतिनिधिमंडल के साथ पुलिस महानिदेशक से मिला और उन्होंने आश्वस्त किया कि बिना किसी भेदभाव के जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।



# राम जन्मभूमि मंदिर स्मारक डाक टिकट एवं पुस्तक राममय जीवन संस्कृति की गौरव गाथा : मिश्र

जयपुर/दक्षिण भारत । राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने डाक विभाग द्वारा जारी श्रीराम जन्म भूमि स्मारक डाक टिकट और पुस्तक को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि यह राम मय जीवन और संस्कृति की गौरव गाथा है। मिश्र से बुधवार को राजभवन में राजस्थान वृत्त के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने मुलाकात की और उन्होंने राज्यपाल को राम जन्मभूमि मंदिर पर जारी स्मारक डाक टिकटों का सेट और दुनिया के विभिन्न देशों में भगवान राम पर जारी डाक टिकटों से जुड़ी यात्रा की पुस्तक भेंट की। इस पर मिश्र ने यह बात कही। मिश्र ने स्मारक डाक टिकट के अंतर्गत रामजन्म भूमि मंदिर और वहां पर उत्कीर्ण गणेश, हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी के जारी छह डाक टिकट सैट की सराहना की। उन्होंने आस्ट्रेलिया, कंबोडिया, कनाडा, फीजी, इण्डोनेशिया, नेपाल, श्रीलंका, न्यूजीलैण्ड, थाइलैण्ड यूएन, अमरीका, सिंगापुर जैसे विश्व के 20 से अधिक देशों द्वारा रामायण से जुड़े चरित्रों और कथानकों पर समय-समय पर जारी डाक टिकटों की यात्रा से जुड़ी पुस्तक को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह राम मय जीवन और संस्कृति की गौरव गाथा है।

# पत्नी की हत्या करने के बाद एक व्यक्ति ने आत्महत्या का प्रयास किया

जयपुर। राजस्थान में बांसवाड़ा जिले के दानपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की कथित रूप से कुल्हाडी से वार कर हत्या करने के बाद आत्मदाह का कथित प्रयास किया। पुलिस ने उसे झुलसी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। थानाधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि पूनिया खेड़ी गांव में राजू (32) ने अपनी पत्नी नानी (30) पर कुल्हाड़ी से वार कर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि पत्नी की चीख से पास सो रहे बच्चे के रोने से गांव वालों के आने पर वह घर के पास रखी सूखी घास में आग लगाकर उसमें कूद गया और आत्महत्या का प्रयास किया।

उन्होंने बताया कि आग में कूदने से उसके हाथ-पैर झुलस गये एवं उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सिंह ने बताया कि मृतका का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उनके मुताबिक इस संबंध में मृतका के पिता की ओर से राजू के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया गया है।

# भारत में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय न्यूरोट्रॉमा सम्मेलन एक से तीन मार्च तक जयपुर में होगा आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारत में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय न्यूरोट्रॉमा (इकरान 2024) सम्मेलन राजस्थान की राजधानी जयपुर में एक से तीन मार्च तक आयोजित किया जायेगा। द वर्ल्ड फैडरेशन ऑफ न्यूरोसर्जरी (डब्ल्यूएफएनएस) के पहले भारतीय सेकंड वाइस प्रेसिडेंट एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष डा वी डी सिन्हा एवं आयोजन सचिव डा अशोक गुप्ता ने बुधवार को यहां संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए बताया कि विश्व के 300 से अधिक प्रतिष्ठित न्यूरोसर्जन भारत में पहली बार तीन दिवसीय इस सम्मेलन के तहत जयपुर में एकत्रित होकर ट्रॉमा क्षेत्र की उपलब्धियों और संभावनाओं के विषय में चर्चा करेंगे।

डा गुप्ता ने बताया कि यह पहला मौका है कि जब डा सिन्हा के रूप में किसी भारतीय को फैडरेशन में उच्च पद पर नुमाइंदगी मिली और उसी के साथ यह कांफ्रेंस आयोजित करने की जिम्मेदारी भी दी गई। डा सिन्हा ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि सम्मेलन में विलक्षण प्रतिभा के धनी न्यूरोसर्जन के बीच होने वाला गहन विचार विमर्श विश्व की न्यूरोसर्जरी चिकित्सा, शिक्षा और उसमें अनुसंधान को एक नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि न्यूरोट्रोमा के क्षेत्र में काम कर रहे युवा न्यूरोसर्जन के लिए यह विश्व के अनुभवी और सर्वोत्तम चिकित्सकों से बातचीत कर अपनी प्रतिभा को निखारने का एक बड़ा असर भी होगा। उन्होंने बताया कि विश्व के 30 हजार से अधिक न्यूरो सर्जन फैडरेशन से जुड़े जुए हैं।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन से पहले 29 फरवरी को एक प्री कांफ्रेंस वर्कशॉप आयोजित की जायेगी जिसमें खोपड़ी से जूड़ी तकनीक और 3डी एनाटॉमी एक्सोस्कोप डिमॉन्सट्रेशन होगा। समाज में सड़क सुरक्षा और अंगदान के प्रति जागरुकता जगाने के उद्देश्य से इस मौके पर एक मार्च को एक वॉकथान होगा जिसे जयपुर के पुलिस आयुक्त बीजू जोसेफ जार्ज और फैडरेशन के चेयरमैन डा एंड्रयू रिसनर एवं ऑस्ट्रेलियन सोसाइटी की प्रमुख डा केट डूमांड हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।



# अटल भू-जल योजना के शत-प्रतिशत लक्ष्य हों हासिल : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रदेश में गिरता भूजल स्तर चिंता का विषय है। जल संचयन सहित अन्य विधियों से भूजल स्तर में सुधार करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसके लिए अटल भूजल योजना मील का पत्थर साबित होगी लेकिन इसके लिए योजना के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्यों को हासिल करना होगा। यह कहना है जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा का।

डॉ शर्मा ने यह बात मंगलवार को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में अटल भूजल योजना के तहत आयोजित एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राजस्थान के 17 जिलों के 38 ब्लॉक, 1132 ग्राम पंचायत में क्रियान्वित की जा रही अटल भूजल योजना के माध्यम से जन सहभागिता से गिरते हुए भूजल स्तर की रोकथाम हेतु सकारात्मक परिणाम लाने की आवश्यकता जाहिर की।

उन्होंने योजना के माध्यम से जल मांग एवं जल आपूर्ति आधारित कार्यों को समय पर पूर्ण किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। सभी सहभागी विभागों से आग्रह किया गया कि योजनान्तर्गत इस वित्तीय वर्ष एवं आगामी अवधि में प्रोत्साहन राशि का पूर्ण उपयोग एवं कन्वर्जेन्स राशि के कार्यों को पूर्ण कर अन्य राज्यों की तुलना में राज्य की स्थिति को बेहतर बनाए जाने हेतु अथक प्रयास करें। एस पी एम यू अटल भू जल योजना के परियोजना निदेशक सूरजभान सिंह ने अटल भूजल योजना में प्रदेश में अब तक किए गए कार्यों, योजना की व्यावहारिक कठिनाइयां एवं योजना के सफल क्रियान्वयन के समाधान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला में वक्ताओं ने राजस्थान में गिरते भूजल स्तर के प्रति चिंता जाहिर की। वक्ताओं ने योजना में राज्य में अब तक किये गये कार्यों, योजना की व्यवहारिक कठिनाईयों एवं योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु समाधान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

कार्यशाला में पदमडॉ. श्याम सुन्दर पालीवाल, पिपलांत्री ग्राम पचांयत, राजसमन्द, श्याम प्रताप सिंह राठौड़, सरपंच ग्राम पंचायत-जाहोता, गुजरात के धरती फाउण्डेशन के अध्यक्ष मुकेश भाई प्रजापति तथा राजेन्द्र कीर, चित्तौडगढ़ के प्रगतिशील किसान भी इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपने-अपने क्षेत्र में किये गये जल संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन हेतु अभिनव कार्यों का अपना अनुभव साझा किया।

नोडल अधिकारी, एसपीएमयू, अटल जल डॉ. वी एन भावे ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यशाला में भाग लेने के लिए एनपीएमयू, एसपीएमयू, डीपीएमयू, डीआईपी, वीडब्ल्यूएससी, भूजल विभाग के अधिकारिगणों, प्रतिभागियों एवं मीडियाकर्मियों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन अधीक्षण भूजल वैज्ञानिक, भूजल विभाग डॉ. विनय भारद्वाज द्वारा किया गया।

कार्यशाला में एनपीएमयू, नई दिल्ली के निदेशक डॉ. राघव लांगर, परियोजना निदेशक प्रतुल सक्सेना सहित कृषि, उद्यानिकी, पंचायती राज, जलग्रहण एवं भू संरक्षण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, वन, जल संसाधन आदि सहभागी विभागों के अधिकारियों ने शिरकत की। साथ ही राज्य एवं जिला नोडल अधिकारियों, राज्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाईयों के अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ, अटल भूजल योजना के 38 ब्लॉकों से ग्रामीण जल स्वच्छता समिति के सदस्यगणों, जिला क्रियान्वयन इकाई व भूजल विभाग के अधिकारी सहित लगभग 750 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



# बच्चों में स्वदेशी की भावना के साथ वैज्ञानिक सोच विकसित करें, स्वदेशी प्रौद्योगिकी को आगे बढाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि नई पीढी में स्वदेशी की भावना के साथ वैज्ञानिक सोच को विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को राष्ट्र के महान वैज्ञानिकों के जीवनी और उनके द्वारा किये गये आविष्कारों को अध्ययन करना चाहिए। हमे अपने समृद्ध पुरातनकाल का स्मरण रखना होगा, जहां पुष्पक विमान, युद्ध का आंखों देखा हाल और गणेश जी के हाथी का मुंह लगाने का उल्लेख है। यह सब भारत की समृद्ध विज्ञान के परिचायक है।

देवनानी बुधवार को यहां शास्त्री नगर स्थित रिजनल साईंस सेन्टर और साईंस पार्क में विज्ञान भारती द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विज्ञान के क्षेत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट रहें छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। देवनानी ने कहा कि विज्ञान दिवस हमारे वैज्ञानिक सोच के साथ राष्ट्र के विकास का उत्सव है।

देवनानी ने कहा कि जीवन स्तर को उंचा उठाने के लिए वैज्ञानिक तकनीक को विकसित करें। भारत को आत्म निर्भर बनाने वाले आविष्कार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हमें उन्हें आगे बढाने की जरूरत है। ऐसा कार्य करें, जो हमारे राष्ट्र में प्रगति की सोच के अनुरूप हो साथ ही वे कार्य लोगों के जीवन को खुशहाल बना सकें।

# मुस्लिमों को घर किराए पर न देने को कहने वाले पोस्टर पुलिस की दखल के बाद हटाए गए

जयपुर। राजस्थान में जयपुर की नंदपुरी कॉलोनी में मुस्लिम समुदाय के सदस्यों को मकान किराए पर ना देने तथा ना बेचने को कहने वाले कुछ पोस्टर कथित रूप से लगे थे जिन्हें पुलिस की दखल के बाद हटा दिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिंदुओं को मुसलमानों के खिलाफ एकजुट होने की अपील करने वाले ये कथित पोस्टर लगभग 10 दिन पहले सामने आए थे।

स्थानीय वार्ड पार्षद अनीता जैन ने कहा,एक व्यक्ति ने कुछ दिन पहले अपनी संपत्ति एक मुस्लिम परिवार को बेच दी थी जिसके बाद कुछ निवासियों ने ये पोस्टर लगाए थे। हालांकि, उन्हें तुरंत हटा दिया गया।

उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा समझाने के बाद ये पोस्टर हटा लिए गए। इन पोस्टरों पर लिखा गया था: हिंदुओं से अपील, संगठित रहो, संघर्ष करो। मुस्लिम जिहाद के खिलाफ एकजुट रहो।

# भाजपा ने हर मुद्दे पर वादाखिलाफी की : पायलट

जयपुर। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल ने हर मुद्दे पर वादाखिलाफी की है। इसके साथ ही पायलट ने उम्मीद जताई कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश के मामले को जल्द सुलझा लेगी। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए सीकर में मीडिया से कहा कि देश में पिछले 10 साल की स्थिति और भाजपा का 10 साल का रिपोर्ट कार्ड देखिए। उन्होंने दावा किया कि हर मुद्दे पर इस सरकार ने वादाखिलाफी की है, विशेष तौर पर किसानों और नौजवानों के साथ।

पायलट ने कहा, हर मोर्चे पर सिर्फ प्रचार हो रहा है, लेकिन धरातल पर महंगाई, बेरोजगारी के मामले में वो (केंद्र सरकार) अपने आपको कामयाब नहीं कर पाये। हिमाचल प्रदेश के राजनीतिक घटनाक्रम पर उन्होंने कहा, हमारी पार्टी ने हिमाचल में पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। वे सबसे बात करेंगे और उम्मीद है बहुत जल्द मामले को सुलझा लिया जाएगा।

पूर्व उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' मजबूत है। पायलट ने कहा, चुनाव से पहले बहुत से लोग आते-जाते हैं। यह लगभग हर चुनाव के पहले होता है लेकिन यह चुनाव (भाजपा नीत) राजग बनाम 'इंडिया' गठबंधन का है।

## मुलाकात



केशोराय पाटन में बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे कार्यकर्ताओं से मुलाकात करती हुई।

# हिमाचल संकट का समाधान जल्द निकालेगी कांग्रेस : सचिन पायलट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में पार्टी की सरकार पर आए संकट का जल्द समाधान निकाल लेगी। कांग्रेस महासचिव ने कहा, हमारी पार्टी ने हिमाचल में पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। वे सबसे बात करेंगे और उम्मीद है कि बहुत जल्द मामले को सुलझा लिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार तब संकट में आ गई जब राज्य की एकमात्र सीट के लिए हुए राज्यसभा चुनाव में पार्टी के छह विधायकों ने क्रॉस वोटिंग कर दी।



वहीं, पायलट ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल ने हर मुद्दे पर वादाखिलाफी की है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए सीकर में मीडिया से कहा कि देश में पिछले 10 साल की स्थिति और भाजपा का 10 साल का रिपोर्ट कार्ड देखिए। उन्होंने दावा किया कि हर मुद्दे पर इस सरकार ने वादाखिलाफी की है, विशेष तौर पर किसानों और नौजवानों के साथ। पायलट ने कहा, हर मोर्चे पर सिर्फ प्रचार हो रहा है, लेकिन धरातल पर महंगाई, बेरोजगारी के मामले में वो (केंद्र सरकार) अपने आपको कामयाब नहीं कर पाये। हिमाचल प्रदेश के राजनीतिक घटनाक्रम पर उन्होंने कहा, हमारी पार्टी ने हिमाचल में पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। वे सबसे बात करेंगे और उम्मीद है बहुत जल्द मामले को सुलझा लिया जाएगा।

पूर्व उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' मजबूत है। पायलट ने कहा, चुनाव से पहले बहुत से लोग आते-जाते हैं। यह लगभग हर चुनाव के पहले होता है लेकिन यह चुनाव (भाजपा नीत) राजग बनाम 'इंडिया' गठबंधन का है। हमारा गठबंधन मजबूत है।

# दीया कुमारी ने दी 6204 मिनी आंगनबाड़ियों को मुख्य आंगनबाड़ी बनाए जाने की स्वीकृति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत समेकित बाल विकास सेवाएं के सुदृढ़ीकरण के लिए 6204 मिनी आंगनबाड़ियों को क्रमोन्नत कर मुख्य आंगनबाड़ी बनाए जाने की स्वीकृति दी है। श्रीमती दीया कुमारी ने महिला एवं बाल विकास शासन सचिव कृष्ण कुणाल को क्रमोन्नत आंगनबाड़ियों को एक मार्च से शुरू कर दिये जाने के निर्देश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन अनुसार राज्य सरकार मुख्यमंत्री भजन लाल के नेतृत्व में बालक, बालिकाओं के स्वस्थ, शिक्षित एवं सुपोषित विकास करने और महिलाओं का सशक्तीकरण करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में 6204 मिनी आंगनबाड़ियों को मुख्य आंगनबाड़ियों में क्रमोन्नत किया गया है ताकि प्रदेश के हर कोने में मां और बच्चों को राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ बेहतर तरीके से मिल सके। इससे माताओं, बच्चों को जहां स्वस्थ सुपोषण मिलना आसान हो जाएगा वहीं बच्चों को शाला पूर्व शिक्षा भी अच्छे से मिल सकेगी।

उल्लेखनीय है कि अब तक प्रदेश में मिनी आंगनबाड़ी संचालित होने से केवल एक मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हुआ करती थी। इससे उस मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मिनी आंगनबाड़ी संचालित करने में कठिनाई आती थी। अब इन 6204 मिनी आंगनबाड़ियों को मुख्य आंगनबाड़ी बनाने से यह समस्या समाप्त हो जाएगी। मुख्य आंगनबाड़ी पर एक कार्यकर्ता और एक सहायिका होने से आंगनबाड़ी के संचालन में अधिक सुविधा होती है। उन्होंने बताया कि इन 6204 मिनी आंगनबाड़ियों पर कार्यरत मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ही मुख्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता में क्रमोन्नत कर दिया जाएगा वहीं इन क्रमोन्नत आंगनबाड़ियों पर 6204 नवीन सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# भाजपा ने की 100% बूथों पर वीडियोग्राफी, आवासीय परिसरों में मतदान केंद्र बनाने की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निर्वाचन आयोग से आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने और शहरी इलाकों में विभिन्न आवासीय सोसायटी के परिसरों में भी मतदान केंद्र स्थापित किए जाने की मांग की।



एक ज्ञापन में भाजपा ने निर्वाचन आयोग से राजनीतिक दलों की मीडिया सामग्री की अनुमोदन प्रक्रिया में सुधार पर विचार करने का भी आग्रह किया ताकि उन्हें अपने अभियान की योजना बनाने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। पार्टी ने आयोग से यह सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया कि चुनाव के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने घरों पर झंडे लगाने और वॉल पेंटिंग बनाने से संबंधित नियम में कोई अस्पष्टता नहीं होनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह सहित भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने इन मांगों को लेकर निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की। वैष्णव ने कहा, भाजपा का प्रयास रहता है कि पूरी चुनाव प्रक्रिया किस तरह अधिक से अधिक पारदर्शी हो और मतदाताओं की भागीदारी और बढ़े। हमारे प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से (इस संबंध में) कुछ अनुरोध किए। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से शहरी इलाकों में अधिक से अधिक अपार्टमेंट परिसरों में बूथ स्थापित करने का आग्रह किया ताकि ऐसे आवासीय भवनों में अधिकतम पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

वैष्णव ने कहा, हमारा दूसरा अनुरोध था कि (चुनाव के दौरान) 100 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर वीडियो रिकॉर्डिंग करायी जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केवल 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर वीडियोग्राफी की जाती है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मतदान केंद्रों की 100 प्रतिशत वीडियोग्राफी वहां होने वाली हर चीज का उचित दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करेगी और यह देश के जीवंत लोकतंत्र में लोगों के विश्वास को बढ़ाएगी।

आयोग के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव के लिए देशभर में 12 लाख से अधिक मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। वैष्णव ने कहा कि भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने परिचालन मुद्दों के संबंध में भी कुछ अनुरोध किए।

उन्होंने कहा, हमने राजनीतिक दलों की मीडिया सामग्री को मंजूरी देने की प्रक्रिया में सुधार शुरू करने का अनुरोध किया। मंजूरी प्रक्रिया को तेज किया जाना चाहिए ताकि हर राजनीतिक दल को अपने विचार रखने और अपने अभियान को आकार देने के लिए पर्याप्त समय मिले।

## प्रेम विवाह को लेकर दो पक्षों में हिंसा, गोली लगने से तीन लोगों की मौत

**मुजफ्फरनगर (उप्र)/भाषा।** मुजफ्फरनगर जिले के खतौली क्षेत्र में प्रेम विवाह को लेकर दो पक्षों में हुई हिंसा में तीन लोगों की गोली लगने से मौत हो गई तथा एक शख्स गम्भीर रूप से घायल हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक सिंह ने बुधवार को बताया कि खतौली थाना क्षेत्र के फुलत गांव में मंगलवार शाम दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी ने हिंसक रूप लिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान चली गोली लगने से अंकित और रोहित नामक व्यक्तियों की मौत हो गई तथा घटना में घायल राहुल नामक एक अन्य शख्स ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शुरुआती जांच में पता चला है अंकित ने हरिमोहन की बेटी से उसके परिवार की मर्जी के खिलाफ शादी की थी।

एसपी ने बताया कि मंगलवार शाम अंकित और हरिमोहन के बीच इसी बात को लेकर विवाद हो गया और देखते ही देखते दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमलावर हो गए। सिंह ने बताया कि इस घटना में हरिमोहन भी जख्मी हुआ है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में 10 लोगों के खिलाफ हत्या तथा कई अन्य गम्भीर आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है तथा उनमें से छह को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि हालात के मद्देनजर इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



## 'अमेठी के लोगों को को 50 साल तक विकास से वंचित रखा गया'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमेठी (उप्र)/भाषा।** केन्द्रीय मंत्री और अमेठी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद स्मृति ईरानी ने नेहरू-गांधी परिवार पर हमला करते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि 'नामदारों' ने अमेठी को 50 सालों तक इसलिए विकास से वंचित रखा ताकि यहां के लोग गरीब और असहाय बने रहें और उनके सामने हाथ जोड़कर खड़े रहें।

ईरानी ने अमेठी जिले के शुकुल बाजार के पांडेयगज गांव में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, अमेठी ने उस वक्त को भी देखा है जब अमेठी के लोग यहां के सांसद से मिलने दिल्ली जाते थे। तब या तो सांसद विदेश में होते थे या फिर उनकी सुरक्षा में लगे लोग उन्हें अंदर नहीं जाने देते थे। उन्होंने कहा, नामदारों ने अमेठी को 50 सालों तक इसलिए विकास से वंचित रखा ताकि यहां के लोग गरीब और असहाय बने रहें और उनके सामने हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाते रहें। उन्होंने कहा, नामदारों की सोच का नतीजा था कि अमेठी के एक लाख आठ हजार परिवारों के पास घर नहीं था। इसके अलावा चार लाख परिवारों के पास पीने के पानी का नल नहीं था तथा तीन लाख परिवारों के पास शौचालय नहीं था।

ईरानी ने दावा किया, यहां से जो सांसद चुनकर जाते थे उन्हें जनता से कोई वास्ता नहीं था। सांसद तो पांच साल में एक बार अमेठी आते थे। अमेठी नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी यहां से सांसद रह चुके हैं।



## तेंदुलकर ने जम्मू कश्मीर की प्रशंसा की, प्रधानमंत्री ने कहा आओ विकसित भारत बनाएं

**नई दिल्ली/भाषा।** दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने जम्मू कश्मीर की जमकर प्रशंसा की है जिसकी सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहा है कि उनके इस दौरे से युवाओं को दो महत्वपूर्ण संदेश मिलते हैं। तेंदुलकर ने जम्मू कश्मीर की अपनी यात्रा का संक्षिप्त वीडियो सोशल मीडिया पर जारी करके कहा कि इस यात्रा की यादें हमेशा उनके जेहन में रहेंगी। तेंदुलकर ने कहा,''वहां चारों तरफ बर्फ थी लेकिन लोगों का आतिथ्य गर्मजोशी से भरा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हमारे देश में देखने के लिए बहुत कुछ है। इस यात्रा के बाद मैं उनसे पूरी तरह सहमत हूं। उन्होंने कहा,''कश्मीर का बल्ला 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' का शानदार उदाहरण है। उन्होंने दुनिया भर की यात्रा की है और अब मैं भारत और दुनिया भर के लोगों से जम्मू कश्मीर आकर यहां का अनुभव लेने की सिफारिश करता हूं जो अतुल्य भारत के कई रत्नों में से एक है। तेंदुलकर की इस पोस्ट पर मोदी ने जवाब दिया,''यह देखना अद्भुत है। सचिन तेंदुलकर की जम्मू कश्मीर की सुखद यात्रा हमारे युवाओं के लिए दो महत्वपूर्ण संदेश देती है। पहले अतुल्य भारत के विभिन्न हिस्सों को खोजना और दूसरा 'मेक इन इंडिया' का महत्व। आओ विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करें।

## पेंशनभोगियों के सभी मुद्दों का समाधान सुनिश्चित करेगी सरकार : उत्तर प्रदेश के मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बुधवार को कहा कि सरकार समय पर त्रुटि रहित पेंशन भुगतान सहित पेंशनभोगियों के सभी मुद्दों का समाधान सुनिश्चित करेगी।



इंदिरा नगर में वित्तीय प्रबंधन, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान परिसर में पेंशन निदेशालय के नए भवन का उद्घाटन करते हुए खन्ना ने कहा कि इससे राज्य के पेंशनभोगियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, वित्त मंत्री ने कहा, पेंशनभोगियों को समय पर पेंशन का भुगतान हमारी शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। पेंशनभोगियों को किसी तरह की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। हमें बुजुर्गों की सेवा का अवसर मिला है और हमें हमारे दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। कोषागार के अधिकारियों को संबोधित करते हुए सुरेश खन्ना ने पेंशनभोगियों या उनके आश्रितों को पेंशन उपलब्ध कराने में कोई त्रुटि ना हो यह सुनिश्चित करने के लिए एक सटीक व्यवस्था करने का आग्रह किया। साथ ही यह सुनिश्चित करने को भी कहा कि निर्धारित राशि सही समय पर सही लाभार्थियों तक पहुंचे। खन्ना ने कहा, हमें गलत भुगतान की वजह से रिकवरी जैसी जटिलताओं से बचना चाहिए। पेंशन निदेशालय की स्थापना राज्य में बसे सरकारी कर्मचारियों के पेंशन के मामले देखने के लिए दो जून, 1988 को की गई थी। अभी तक यह निदेशालय इंदिरा भवन की आठवीं मंजिल पर काम कर रहा था, लेकिन दस्तावेजों को रखने के लिए पर्याप्त जगह के अभाव की वजह से इसे वित्तीय प्रबंधन, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान

## 'भाजपा के रामराज्य' में हो रहा है दलितों और पिछड़ों पर अत्याचार : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के रामपुर में दो पक्षों की झड़प के दौरान एक दलित किशोर की मौत होने की घटना की निंदा करते हुए बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'रामराज्य' में दलितों और पिछड़ों पर लगातार अत्याचार हो रहा है। रामपुर जिले में एक विवादित जमीन पर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर वाले 'होर्डिंग' लगाने को लेकर दो पक्षों में हुई झड़प के दौरान गोली लगने से एक दलित किशोर की मौत हो गई तथा दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार को मिलक इलाके के सिलाई बाड़ा गांव की है।



कांग्रेस नेता उदित राज ने संवाददाताओं से कहा, भाजपा का रामराज्य पिछड़े, दलित, महिला, आदिवासियों के लिए मनुराज है। उत्तर प्रदेश के रामपुर स्थित बड़ागांव में कुछ अधिकारी पुलिस बल व दबंगों के साथ पहुंचे थे। जहां दलित छात्र सुमेश कुमार की हत्या कर दी गई। उनकी गलती यही थी कि ये गड्ढे को पाटकर बाबा साहेब का बोर्ड लगाना चाह रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में दलितों और पिछड़ों पर इस तरह से निरंतर अत्याचार हो रहा है।

उदित राज ने दावा किया कि जबसे केंद्र में भाजपा आई है, तबसे सरकारी नौकरियां खत्म की जा रही हैं और आरक्षित वर्ग के युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है।

## अरुणाचल प्रदेश: भारत में अवैध प्रवेश के आरोप में म्यांमा के छह लोग गिरफ्तार

**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले से म्यांमा के छह लोगों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक राईक कमसी ने कहा कि यासोंग गांव से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। कमसी ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने दावा किया कि उन्होंने जंगली मशरूम इकट्ठा करने के लिए भारत में प्रवेश किया था और वे सभी म्यांमा के पुताओं गांव के निवासी हैं। उनके कब्जे से छह किलोग्राम जंगली मशरूम और भारतीय मुद्रा के रूप में 68,000 रुपए जब्त किए गए हैं।

## टी20 विश्व कप के लिए डब्ल्यूपीएल से तेज गेंदबाजों का पूल बनाना चाहते हैं मजूमदार

**बेंगलूरु/भाषा।** बांग्लादेश में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में अब सात महीने ही रह गए हैं और भारत के मुख्य कोच अमोल मजमूदार उससे पहले महिला प्रीमियर लीग के जरिये तेज गेंदबाजों का एक पूल तैयार करना चाहते हैं। झूलन गोस्वामी के संन्यास के बाद भारत का तेज आक्रमण कमजोर हुआ है। इस समय भारतीय तेज गेंदबाजी की कमान रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर, टिटास साधु और अमनजोत कौर के पास है। मजूमदार ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली शृंखला में चार तेज गेंदबाज थे। मैं डब्ल्यूपीएल से तेज गेंदबाजों का पूल बनाना चाहता हूं। गेंदबाजी आक्रमण अच्छा होने से काफी फर्क पड़ता है। महिला टी20 विश्व कप सितंबर अक्टूबर में बांग्लादेश में खेला जाएगा।

## कांग्रेस नेता राणा गोस्वामी ने इस्तीफा दिया, भाजपा में हो सकते हैं शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** कांग्रेस की असम इकाई के दिग्गज नेता राणा गोस्वामी बुधवार को पार्टी से इस्तीफा देकर नई दिल्ली रवाना हो गए जहां उनके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की संभावना है। गोस्वामी ने रविवार को 'विभिन्न राजनीतिक कारणों' का हवाला देते हुए पार्टी के संगठन प्रभारी (ऊपरी असम) के पद से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष और कांग्रेस के एक सक्रिय सदस्य के रूप में अपना इस्तीफा दे रहा हूं।



राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल को इस्तीफा भेजने के तुरंत बाद गोस्वामी नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए, जहां वह मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की मौजूदगी में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर सकते हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता देबब्रत सैकिया ने संवाददाताओं से कहा कि गोस्वामी ने पार्टी छोड़ने का कोई कारण नहीं बताया है। सैकिया ने कहा, उन्होंने (गोस्वामी) पार्टी छोड़ने का कोई कारण नहीं बताया। अगर कोई कारण बताया जाता है तो हम विश्लेषण कर स्थिति को सुधारने के लिए उचित कदम उठा सकते हैं। उन्होंने कहा, पार्टी को गोस्वामी के फैसले को लेकर थोड़ी-बहुत जानकारी थी क्योंकि वह कई राजनीतिक कार्यक्रमों से अनुपस्थित रहे थे लेकिन उन्हें कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के साथ अपनी शिकायतों पर चर्चा करनी चाहिए थी। सैकिया ने कहा कि गोस्वामी के इस्तीफे से कांग्रेस पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, मैं इससे इनकार नहीं करूंगा लेकिन हम पार्टी को मजबूत करने के अपने प्रयास जारी रखेंगे। गोस्वामी के पाला बदलने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा था कि उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। शर्मा ने कहा कि वह (गोस्वामी) कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे हैं और अगर वह भाजपा में शामिल होते हैं तो मैं उनके फैसले का स्वागत करूंगा।



## अधीर ने सीजीपीडीटीएम में 'भ्रष्टाचार' का आरोप लगाया, सीवीसी से कार्रवाई की मांग की

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने पेटेंट डिज़ाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय (सीजीपीडीटीएम) में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) से जांच और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने सीवीसी प्रवीण कुमार श्रीवास्तव को इस मामले पर पत्र लिखा है। चौधरी ने 27 फरवरी की तिथि वाले पत्र में दावा किया, सीजीपीडीटीएम में सरेआम भ्रष्टाचार हो रहा है...बताया जा रहा है कि सभी नियमों और मानदंडों को ताक पर रख दिया है।

कांग्रेस नेता के मुताबिक, उन्होंने पत्र के साथ शिकायतकर्ता के पत्र को संलग्न किया है जिसमें उन विशिष्ट तथ्यों व आंकड़ों का हवाला दिया गया है जो सीजीपीडीटीएम के कार्यालय में अवैध गतिविधियों, मनमानी और भ्रष्टाचार से संबंधित हैं। शिकायतकर्ता ने पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, जिसके अपने कारण हो सकते हैं। फिर भी जो मुद्दे उठाए गए उनकी जांच की आवश्यकता है। आशा है कि मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा ने बंगाल में 16 लाख फर्जी मतदाता होने का दावा करते हुए सीईओ को ज्ञापन सौंपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को एक ज्ञापन सौंपकर राज्य में लगभग 16 लाख फर्जी या 'डुप्लिकेट' मतदाता होने का आरोप लगाया और आयोग से इस समस्या के समाधान के लिए कदम उठाने का आग्रह किया।



भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे पार्टी नेता शुभेंदु अधिकारी ने निर्वाचन आयोग द्वारा आश्वासन के बावजूद मुद्दे का समाधान नहीं किए जाने पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, डुप्लिकेट मतदाताओं को हटाने के आश्वासन के बावजूद, कुछ खास हासिल नहीं हुआ। हमें यह कहते हुए खेद है कि व्यावहारिक रूप से कोई कदम नहीं उठाया गया। मतदाता सूची में लगभग 16 लाख डुप्लिकेट नाम हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि 2019 में टीएमसी और भाजपा को मिले मतों के बीच का अंतर 17 लाख के आसपास था।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने आयोग से मतदाता सूची से डुप्लिकेट मतदाताओं को हटाने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया।

## व्यास जी के तहखाने के ऊपर मुस्लिम समुदाय के लोगों के चलने पर रोक लगाने के लिए याचिका दायर

**वाराणसी (उप्र)/भाषा।** ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा पाठ शुरू होने के बाद अब हिन्दू पक्ष ने जिला अदालत में तहखाने के ऊपर मुस्लिम समाज के लोगों के चलने पर रोक लगाने और तहखाने की छत और खम्भों की मरम्मत कराए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दायर किया है। जिला न्यायाधीश की अदालत ने हिन्दू पक्ष के इस प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए सुनवाई के लिए 19 मार्च की तिथि तय की है। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि अदालत के आदेश के बाद व्यास जी के तहखाने में 31 जनवरी से पूजा पाठ शुरू हो गया है तथा श्रद्धालु व्यास जी के तहखाने में स्थापित विग्रहों का झांकी दर्शन कर रहे हैं। व्यास जी के तहखाने की छत पुरानी और कमजोर है तथा नमाजी तहखाने की छत पर चलते हैं।

## रोहित और कोहली शीर्ष वर्ग में बरकरार, किशन और अय्यर बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को अपने केंद्रीय अनुबंध के शीर्ष वर्ग में बरकरार रखा है लेकिन ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी में खेलने के निर्देशों का पालन नहीं करने के बाद इस वर्ष के लिए बुधवार को जारी किए गए अनुबंध में जगह नहीं दी गई है।



रोहित और कोहली के अलावा जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को बीसीसीआई अनुबंध के शीर्ष वर्ग (ए प्लस) में रखा गया है। बीसीसीआई ने बयान में कहा,''कृपया ध्यान दें कि वार्षिक अनुबंध के लिए श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम पर विचार नहीं किया गया। बयान में कहा गया है,''बीसीसीआई ने सिफारिश की है कि सभी खिलाड़ी जब राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों तो वे घरेलू क्रिकेट में खेलने को प्राथमिकता दें। छह क्रिकेटरों को ए वर्ग में रखा गया है जिनमें रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या शामिल हैं। सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल को बी वर्ग में रखा गया है। बीसीसीआई ने 15 खिलाड़ियों को सी वर्ग में रखा है जिनमें रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार शामिल हैं।

चयन समिति ने तेज गेंदबाजों आकाश दीप, विजयकुमार विशाक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा के लिए भी अनुबंध की सिफारिश की है।



## अंजू ने कहा, पेरिस ओलंपिक में पारूल चौधरी पर रहेंगी नजरें

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉज ने बुधवार को कहा कि इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता स्टीपलचेज धाविका पारूल चौधरी पर नजरें रहेंगी और उन्हें भाला फेंक में एक से अधिक पदक की उम्मीद है।

जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए अब तक भारत के नौ ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया है। भाला फेंका में गत चैंपियन नीरज चोपड़ा और किशोर जेना ओलंपिक में जगह बना चुके हैं। पारूल ने पिछले साल हांगजोउ एशियाई खेलों की 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण और 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीता था। यह 28 वर्षीय धाविका 3000 मीटर महिला स्टीपलचेज में नौ मिनट से कम का समय लेने वाली पहली भारतीय है। अंजू ने बुधवार को 'भारत स्पोर्ट्स साइंस कॉनक्लेव' के इतर पीटीआई वीडियो से कहा, एथलीटों का एक समूह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एथलेटिक्स में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हमारा लक्ष्य भाला फेंक में तीन (पदक) हासिल करना है। उन्होंने कहा, फिर हमारे पास लंबी कूद के खिलाड़ी हैं, हमारे पास त्रिकूद के खिलाड़ी हैं, स्टीपलचेज में पारूल चौधरी उन लोगों में से हैं जिन पर नजरें रहेंगी लेकिन ओलंपिक के बारे में बहुत कुछ भविष्यवाणी नहीं की जा सकती।

## सुविचार

**काबिल लोग ना तो किसी से दबते है और ना ही किसी को दबाते हैं, जवाब देना उन्हें भी खूब आता है, पर कीचड़ में पत्थर कौन मारे, ये सोचकर चुप रह जाते हैं।**

### दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# आईएसआई के मोहरे

पड़ोसी देश पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत-विरोधी कृत्यों को अंजाम देने के लिए इंटरनेट का खूब इस्तेमाल कर रही है। वहीं, इसे भारतीय एजेंसियों की चौकसी और सतर्कता ही कहा जाएगा कि आईएसआई जिन लोगों को मोहरा बना रही है, वे जल्द ही पकड़े जा रहे हैं। राजस्थान इंटेलिजेंस ने मिलिट्री इंटेलिजेंस बीकानेर के साथ संयुक्त कार्रवाई कर जिस युवक को गिरफ्तार किया, उससे हुए 'खुलासे' अन्य लोगों, खासकर युवाओं के लिए एक सबक है, जो सोशल मीडिया पर काफी वक्त बिताते हैं। उक्त युवक बीकानेर में सैन्य इलाके महाजन में लंबे समय से कैंटीन चला रहा था। वह सालभर पहले सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी महिला एजेंट के संपर्क में आया और उसे 'गुप्त' सूचनाएं भेजने लगा। यह 'हनीट्रैप' का भी मामला है, जिसका हाल के वर्षों में आईएसआई ने काफी इस्तेमाल किया है। इस 'मोहपाश' में फंसकर पहले भी कई लोग संवेदनशील सूचनाएं शत्रु एजेंसियों को भेज चुके हैं। हाल में विदेश स्थित भारत के एक दूतावास में तैनात युवक इसी तर्ज पर आईएसआई के जाल में फंसा था। उसे भी आईएसआई की महिला एजेंट ने हनीट्रैप कर सूचनाएं हासिल की थीं। सवाल है- इतने संवेदनशील स्थानों पर तैनात लोग ऐसी ग़लती/अपराध क्यों कर बैठते हैं? सरहदी इलाका हो या कोई राष्ट्रीय सुरक्षा व संप्रभुता से संबंधित कार्यालय, वहां लोगों को समय-समय पर ऐसी हिदायतें दी जाती हैं। इसके बावजूद देश की सुरक्षा से इतना बड़ा खिलवाड़? यह तो किसी भी स्थिति में क्षम्य नहीं है।

आईएसआई के ये मोहरे भारत से सूचनाएं भेजते हुए तो देर-सबेर पहचाने और पकड़े जा रहे हैं, लेकिन कुछ मोहरे ऐसे हैं, जो सोशल मीडिया के जरिए सबके सामने हैं, उनकी नागरिकता के बारे में भी जानकारी सार्वजनिक है, लेकिन उनका अब तक ठीक तरह से पर्दाफाश होना बाकी है। पिछले लगभग तीन वर्षों में यूट्यूब पर ऐसे चेहरों का उदय हुआ है, जो कहने को तो पाकिस्तानी हैं, लेकिन उनके दिन और रात भारत की तारीफें करते हुए ही कट रहे हैं। आज 'क्यूसी', 'एके', 'एएसओ' ... जैसे यूट्यूब चैनल भारत और भारतवासियों की जय-जयकार कर रहे हैं, लेकिन कुछ समय पहले ये हमारे लिए अत्यंत आपत्तिजनक बातें पोस्ट किया करते थे। इसी सिलसिले में एक और 'भारतप्रेमी' पाकिस्तानी यूट्यूबर का पदार्पण हुआ, लेकिन उनकी 'नजम' के 'दुर्दिन' उस समय शुरू हो गए, जब भारतीय विश्लेषक व टिप्पणीकार सोनम महाजन ने उनके झूठ का भंडाफोड़ कर दिया। लोगों को यह जानकर झटका लगा कि पाकिस्तान की जो कथित पत्रकार अपने वीडियो में मानवता, शांति, सद्भाव की बातें कर रही है, वह कुछ महीनों पहले तक हिंदू समाज और देवी-देवताओं के बारे में कितनी अभद्र टीका-टिप्पणियां कर रही थी! फिर अचानक 'हृदय-परिवर्तन' कैसे हो गया? इन्हें देखकर प्राचीन काल के मायावी राक्षसों की यादें ताजा हो जाती हैं, जो एक क्षण में तो मानवता व प्रेम की मूर्ति बनकर लोगों को झांसे में ले लेते थे। जब कोई व्यक्ति उनकी पकड़ में आ जाता, तो वे अपने असली 'भयानक' रूप में आकर उसका शिकार कर लेते थे। आज जो लोग पाकिस्तान में हंसते-मुस्कुराते चेहरों के साथ सिर्फ इस काम में लगे हैं कि सोशल मीडिया पर हर दिन, हर समय भारत की तारीफें ही तारीफें करें और पाकिस्तान को हमेशा खरी-खोटी सुनाएं, उन पर हमें संदेह होना चाहिए। इस बात की आशंका है कि ऐसा व्यक्ति आईएसआई का मोहरा हो, जिसे भारतीय जनमानस को 'लुभाने और प्रभावित' करने के लिए बैठाया गया हो! आईएसआई के इस मकड़जाल को सावधानी और सूझबूझ से काटना होगा।

## ट्वीटर टॉक



झोटवाड़ा में सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। ग्राम पंचायत डूंगरी कलां में 60 लाख रुपए की लागत से डूंगरी कलां के बीच से सांगा का बास वाली रोड पर बाज्या वाली ढाणी तक सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

**-राज्यवर्धनसिंह राठौड़**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार की लाभकारी योजनाओं से करोड़ो लोग लाभान्वित हुए हैं। इसी क्रम में देशभर में भाजपा के लाखों कार्यकर्ता 5 मार्च तक लाभार्थियों से व्यक्तिगत जनसम्पर्क कर मोदी सरकार की उपलब्धियों से अवगत करवा रहे हैं।

**-दीया कुमारी**



पूरे विश्व में पहले तमिल कम्युनिटी के लोग जब देखते हैं कि उन्हें भारतीय होने की वजह से सम्मान की नजर से देखा जाता है तो उनका विश्वास मजबूत होता है कि केंद्र सरकार सही काम कर रही है। यह बदलाव देश की स्थिर विकासशील और मजबूत भाजपा की सरकार से आया है।

**-सीपी जोशी**

## प्रेरक प्रसंग

# शास्त्री जी की मानवीयता

एक बार लाल बहादुर शास्त्री ने बिहार के कुछ लोगों को प्रधानमंत्री निवास पर मिलने का समय दिया। संयोग से उसी दिन एक विदेशी अतिथि के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन हो गया। शास्त्री जी को वहां जाना पड़ा। बिहार से आए हुए लोग उनका इंतजार करके निराश होकर वापस चले गए। उनके जाने के कुछ देर बाद ही शास्त्री जी लौट आए। उन्होंने अपने सचिव से पूछा, 'बिहार से कुछ लोग मुझसे मिलने आने वाले थे, क्या वे आ चुके हैं?' सचिव बोला, 'वे आए तो थे, लेकिन आपकी प्रतीक्षा करने के बाद अभी-अभी यहां से निकल गए।' यह सुनकर शास्त्री जी ने सचिव से पूछा, 'कुछ मालूम है कि वे लोग कहां गए हैं?' सचिव ने कहा, 'वे कह रहे थे कि सामने के स्टॉप से बस पकड़नी है।' शास्त्री जी तुरंत बस स्टॉप की ओर लपके। यह देखकर सचिव बोला, 'श्रीमान! आप यह क्या कर रहे हैं? यदि बुलाना ही है तो मैं उन्हें बुला लाता हूं।' शास्त्री जी बोले, 'नहीं! मुझे ही जाना होगा। मुझे उनसे क्षमा मांगनी है और क्षमा मांगने का इससे अच्छा तरीका और क्या होगा कि मैं स्वयं बस स्टॉप से उन्हें बुलाकर लाऊं।'

## सामयिक

# सीएए नागरिकता देने का कानून है, न कि छीनने का

**आशीष वशिष्ठ**
मोबाइल : 99 3624 7777




नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए को लेकर पूरे देश में एक बार फिर से चर्चा तेज हो गई है। इससे पहले भी नागरिकता संशोधन कानून को लेकर कई बार विवाद देखने को मिल चुके हैं। इसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी कि नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए कब अमल में आएगा। क्योंकि जनवरी 2020 में राष्ट्रपति की मुहर लगने के साथ यह कानून अस्तित्व में आ गया था। सीएए कानून को लेकर उस वक्त देशभर में खूब विरोध प्रदर्शन हुआ था। विशेषकर पूर्वोत्तर के राज्यों में सीएए का सबसे ज्यादा विरोध देखने को मिला था। पूर्वोत्तर के सात राज्य सीएए कानून से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। वहां तोड़फोड़ की कारण करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ था। चार वर्ष की देरी के बाद यह प्रतीक्षा पूरी होने जा रही है। दरअसल, बीते दिनों कई अवसरों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बयान दिया है कि कि लोकसभा चुनाव से पहले सीएए को देश में लागू कर दिया जाएगा।

यह कानून मुख्य रूप से गैर मुस्लिम देशों में प्रताड़ित होकर भारत आने वाले नागरिकों को भारत की नागरिकता प्रदान करेगा। इस कानून के लागू होने से भारत के तीन पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए उन लोगों को भारत की नागरिकता मिलेगी, जो दिसंबर 2014 तक अपने देशों में किसी न किसी प्रताड़ना का शिकार होकर भारत आ गए हैं। इन लोगों में गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यक हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शामिल हैं। दरअसल, ये लोग उन देशों में अल्पसंख्यक हैं। जाने किस त्रास या संकट में उन्हें उन देशों को छोड़ कर आना पड़ा। यहां के नागरिक न होते हुए भी दिक्कतों, मुसीबतों को गले लगाकर यहां जीवन बिताना पड़ रहा है। इसलिए इन सबको नागरिकता देकर यहां यानी भारत में सम्मान दिए जाने के इरादे से यह कानून लाया जा रहा है।

ऐसे में अब प्रश्न उठता है कि यह कानून भलाई के रूप में सामने लाया जा रहा है तो अब तक इसे टाला क्यों जाता रहा? इसका विरोध क्यों किया जा रहा है? या विरोध कर कौन रहा है? दरअसल, पूर्वोत्तर के राज्य इसका विरोध इसलिए कर कर रहे हैं क्योंकि उनका तर्क है कि इन बाहर के लोगों को नागरिकता देने से उनके राज्य में भीड़ बढ़ जाएगी और उनकी परंपराएं, संस्कृति और तमाम रीति-रिवाजों पर बड़ा फर्क पड़ेगा। वे सब बिखर जाएंगे। वहीं सीएए का विरोध मुस्लिम समुदाय भी कर रहा है। वास्तव में, इस कानून में इन तीन देशों से आए मुसलमानों को नागरिकता देने से बाहर रखा गया है। कई आलोचकों का मानना है कि इस कानून से मुसलमानों से भेदभाव हो रहा है और ये भारत में समानता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करता है।

**मीडिया से मिल रही जानकारी के अनुसार नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है, क्योंकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। आवेदकों को वह वर्ष बताना होगा, जब उन्होंने यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था. आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा।सीएए को लागू करने का वादा पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा था। अच्छा होता कि यह काम और पहले कर दिया जाता, क्योंकि बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफ़गानिस्तान के जो अल्पसंख्यक जान बचाकर भारत आने में सफल रहे, वे यहां की नागरिकता पाने का इंतजार कर रहे हैं।**

विपक्ष का सबसे बड़ा विरोध यह है कि इसमें खासतौर पर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया गया है। उनका तर्क है कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है जो समानता के अधिकार की बात करता है। बता दें कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में एक बड़े वर्ग का कहना है कि अगर नागरिकता संशोधन कानून 2019 को लागू किया जाता है तो पूर्वोत्तर के मूल लोगों के सामने पहचान और आजीविका का संकट पैदा हो जाएगा। जानकारों की मानें तो इस कानून में किसी भी भारतीय, चाहे वह किसी मजहब का हो, की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है। भारत के मुस्लिमों या किसी भी धर्म और समुदाय के लोगों की नागरिकता को इस कानून से कोई खतरा नहीं है।

यह कानून उन लोगों पर लागू होगा, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से भारत आए थे। इसमें प्रवासियों को वह अवधि साबित करनी होगी कि वे इतने समय में भारत में रह चुके हैं। उन्हें यह भी साबित करना होगा कि वे अपने देशों से धार्मिक उत्पीड़न की वजह से भारत आए हैं। वे लोग उन भाषाओं को बोलते हैं, जो संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं। उन्हें नागरिक कानून 1955 की तीसरी सूची की अनिवार्यताओं को भी पूरा करना होगा। इसके बाद ही प्रवासी आवेदन के पात्र होंगे। लंबे समय से भारत में शरण लेने वालों को इससे बड़ी राहत मिलेगी।

जहां तक विपक्ष के विरोध का सवाल है उसका कहना है कि इस कानून में मुस्लिमों को वंचित क्यों रखा गया? यह समानता के कानून का उपहास उड़ाने की तरह है। सरकार का कहना है कि जिन देशों के शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान किया जा रहा है, वहां मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं, बल्कि बहुसंख्यक हैं। इसलिए उन्हें इस देश में यानी भारत में नागरिकता देने का कोई मतलब नहीं है। वो उनके देश हैं, वे वहां खुशी से रहें। भारत सरकार वंचितों की मदद करना चाहती है, इसलिए इन तीनों देशों के वे गैर मुस्लिम नागरिक जो वर्षों पहले यहां आ गए थे उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। इसमें गलत क्या है? लेकिन अब विपक्ष के इस विरोध में ज्यादा दम नहीं रहा। यही वजह है कि जल्द ही इस कानून को लागू करने की कवायद की जा रही है। हो सकता है इसी महीने।

संसद ने दिसंबर 2019 में संबंधित विधेयक को मंजूरी दी थी और बाद में राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद इसके विरोध में देश के कुछ हिस्सों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे। सीएए को लेकर देश में तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिली थीं। कई राजनीतिक दलों ने भी इसका विरोध किया था। इस वजह से सरकार ने रूल्स फ्रेम करने में देरी की थी पर अब सीएए रूल्स का नोटिफिकेशन होम मिनिस्ट्री ने जारी करने की पूरी तैयारी कर ली है।

सीएए बिल के संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद 4 राज्य इसके विरोध में विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर चुके हैं। सबसे पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने दिसंबर 2019 में सीएए के खिलाफ प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि यह धर्मनिरपेक्ष नजरिए और देश के ताने-बाने के खिलाफ है। इसमें नागरिकता देने से धर्म के आधार पर भेदभाव होगा। इसके बाद पंजाब और राजस्थान की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने विधानसभा में सीएए के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया। चौथा राज्य पश्चिम बंगाल था, जहां इस बिल के विरोध में प्रस्ताव पारित किया गया। 2019 में संसद द्वारा पारित सीएए का ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी विरोध कर रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था- बंगाल में हम सीएए, एनपीआर और एनआरसी की अनुमति नहीं देंगे। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दिसंबर 2021 में राज्यसभा में बताया था कि वर्ष 2018, 2019, 2020 और 2021 के दौरान पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए कुल 3,117 अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता दी गई। हालांकि आवेदन 8,244 मिले थे। वहीं गृह मंत्रालय की 2021-22 की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2021 में कुल 1,414 विदेशियों को भारतीय नागरिकता दी गई।

मीडिया से मिल रही जानकारी के अनुसार नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है, क्योंकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। आवेदकों को वह वर्ष बताना होगा, जब उन्होंने यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था. आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा।सीएए को लागू करने का वादा पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा था। अच्छा होता कि यह काम और पहले कर दिया जाता, क्योंकि बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के जो अल्पसंख्यक जान बचाकर भारत आने में सफल रहे, वे यहां की नागरिकता पाने का इंतजार कर रहे हैं। उनकी संख्या अच्छी-खासी है। वे अल्पसंख्यक होने के कारण ही इन तीनों देशों में प्रताड़ित किए गए। उनके पास प्रताड़ना से बचने के लिए भारत आने के अलावा और कोई उपाय नहीं था। इस मुद्दे पर राजनीति होना दुर्भागयपूर्ण ही कहा जाएगा। आखिरकार यहां प्रश्न उन हजारों लोगों की जिंदगियों का है जो भारत की नागरिकता लेकर सुख शांति से जिंदगी बिताना चाहते हैं।

## नजरिया

# अधिकतम मतदान का आह्वान एक क्रांतिकारी शुरुआत

**ललित गर्ग**
मोबाइल : 9811051133



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चर्चाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषतः विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जाएगा।

अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाए, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाए। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आव्हान एक क्रांतिकारी शुरूआत कही जा सकती है। इसका स्वागत हम इस सोच और संकल्प के साथ करें कि हमें अपने मतदान से आगामी आम चुनाव में भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं राजनीतिक विसंगतियों पर नियंत्रण करना है।

अधिकतम मतदान के संकल्प से हमें मतदान का औसत प्रतिशत 55 से 90-95 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए, ताकि इस लक्ष्य को हासिल करके हम भारतीय राजनीति की तस्वीर को नया रूख दे सके। मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी है, लेकिन विडम्बना है हमारे देश की कि आजादी के 77 वर्षों बाद भी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिये निष्क्रिय है। ऐसा लगता है जमीन आजाद हुई है, जमीर तो आज भी कहीं, किसी के पास गिरवी रखा हुआ है। अधिकतम मतदान की दृष्टि से श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए एक अलख जगाई थी। अनिवार्य वोट के लिये कानून लागू करना ही होगा और इस पहल के लिये सभी दलों को बाध्य होना ही होगा, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में यह नई जान फूंक सकती है। अब तक दुनिया के 32 देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था है लेकिन यही व्यवस्था अगर भारत में लागू हो गई तो उसकी बात ही कुछ और होगी और वह दुनिया के लिये अनुकरणीय साबित होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्रों को भी भारत का अनुसरण करना पड़ सकता है, हालांकि भारत और उनकी परिस्थितियां एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते और इन देशों में गरीब लोग वोट नहीं डालते।

भारत इस तथ्य पर गर्व कर सकता है कि जितने मतदाता भारत में हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं और लगभग हर साल भारत में कोई न कोई ऐसा चुनाव अवश्य होता है, जिसमें करोड़ों लोग वोट डालते हैं लेकिन अगर हम थोड़ा गहरे उतरें तो हमें बड़ी निराशा भी हो सकती है, क्या हमें यह तथ्य पता है कि पिछले 77 साल में हमारे यहां एक भी सरकार ऐसी नहीं बनी, जिसे कभी 50 प्रतिशत वोट मिले हों। कुल वोटों के 50 प्रतिशत नहीं, जितने वोट पड़े, उनका भी 50 प्रतिशत नहीं। गणित की दृष्टि से देखें तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ 20-25 करोड़ लोगों के समर्थनवाली सरकार क्या वास्तव में लोकतांत्रिक सरकार है? क्या वह वैध सरकार है? क्या वह बहुमत का प्रतिनिधित्व करती है? आज तक हम ऐसी सरकारों के आधीन ही रहे हैं, इसी के कारण लोकतंत्र में विषमताएं एवं विसंगतियों का बाहुल्य रहा है, लोकतंत्र के नाम पर यह छलावा हमारे साथ होता रहा है। इसके जिम्मेदार जितने राजनीति दल है उतने ही हम भी है। यह एक त्रासदी ही है कि हम वोट महोत्सव को कमतर आंकते रहे हैं। जबकि आज यह बताने और जताने की जरूरत है कि इस भारत के मालिक आप और हम सभी हैं और हम जागे हुए हैं। हम सो नहीं रहे हैं। हम धोखा नहीं खा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील करते हुए यह सही कहा कि अधिक से अधिक मतदान का मतलब एक मजबूत लोकतंत्र है और मजबूत लोकतंत्र से ही विकसित भारत बनेगा, लेकिन अब ऐसी व्यवस्था एवं तकनीक विकसित करने का भी समय आ गया है जिससे अपने गांव-शहर से दूर रहने वाले वहां जाए बगैर मतदान कर सकें। ध्यान रहे कि ऐसे लोगों की संख्या करोड़ों में है। रोजी-रोटी के लिए अपने गांव-शहर से दूर जाकर जीवनयापन करने वाले सब लोगों के लिए यह संभव नहीं कि वे मतदान करने अपने घर-गांव लौट सकें। यदि सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ-साथ चुनाव ड्यूटी में शामिल लोगों के लिए वोट देने की व्यवस्था हो सकती है तो अन्य लोगों के लिए क्यों नहीं हो सकती? इस बार ऐसी किसी व्यवस्था के निर्माण के लिए निर्वाचन आयोग के साथ सरकार का भी सक्रिय होना समय की मांग है। इसी से हम अधिकतम मतदान के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे।

अधिकतम वोटिंग का वास्तविक उद्देश्य है, जन-जन में लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा करना, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी निश्चित करना, वोट देने के लिए प्रेरित करना। एक जनक्रांति के रूप भारतीय मतदाता संगठन' इस मुहिम के लिये सक्रिय हुआ है, यह शुभ संकेत है। इस तरह के जन-आन्दोलन के साथ-साथ भारतीय संविधान में अनिवार्य मतदान के लिये कानूनी प्रावधान बनाये जाने की तीव्र अपेक्षा है। बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, ग्रीस, बोलिनिया और इटली जैसे देशों की भांति हमारे कानून में भी मतदान न करने वालों के लिये मामूली जुर्माना निश्चित होना चाहिए।

यदि भारत में मतदान अनिवार्य हो जाए तो चुनावी भ्रष्टाचार बहुत घट जाएगा। यह भी देखा गया है कि चुनावों में येन-केन-प्रकारेण जीतने के लिये ये ही राजनीतिक दल और उम्मीदवार मतदान को बाधित भी करते हैं और उससे भी मतदान का प्रतिशत घटता है। अधिकतम मतदान से इस तरह के भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी, लोगों में जागरूकता बढ़ेगी, वोट-बैंक की राजनीति थोड़ी पतली पड़ेगी। जिस दिन भारत के 90 प्रतिशत से अधिक नागरिक वोट डालने लगेंगे, राजनीतिक जागरूकता इतनी बढ़ जाएगी कि राजनीति को सेवा की बजाय सुखों की सेज मानने वाले किसी तरह का दुस्साहस नहीं कर पायेंगे। राजनीति को सेवा या मिशन के रूप में लेने वाले ही जन-स्वीकार्य होंगे।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

**प्रदर्शन**



रांची में झारखंड विधानसभा में बुधवार को चल रहे बजट सत्र के दौरान भाजपा विधायकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## गाजा की एक चौथाई आबादी भुखमरी के कगार पर, राहत सामग्री वाले ट्रकों को लूटा जा रहा : संरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

संयुक्त राष्ट्र। गाजा की कम से कम एक चौथाई आबादी यानी 5,76,000 लोग भुखमरी से सिर्फ एक कदम दूर हैं और पूरी आबादी खाद्य सामग्री की गंभीर जरूरत से जूझ रही है। इसके परिणामस्वरूप भूख से तड़प रहे लोग न सिर्फ राहत सामग्री वाले ट्रकों पर गोलियां चला रहे हैं बल्कि उन ट्रकों को लूट भी रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। संरा मानवतावादी कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के अधिकारियों ने गाजा के हालात का वर्णन करते हुए बताया कि युद्धग्रस्त गाजा की 23 लाख की पूरी आबादी खाद्य असुरक्षा के गंभीर खतरे या बदतर हालात से जूझ रही है। इतना ही नहीं उत्तरी गाजा में हालात और ज्यादा खराब हैं, जहां लोगों को खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर अन्य मानवीय आपूर्ति की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। गाजा के मौजूदा हालातों को बयां करते हुए संरा के मानवतावादी समन्वयक रमेश रामसिंघम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि हालात के और भी ज्यादा खराब होने की पूरी आशंका है। गाजा की एक चौथाई आबादी भुखमरी के कगार पर पहुंच चुकी है और उत्तरी गाजा में दो साल से कम उम्र के हर छह में से एक बच्चा कुपोषण का शिकार हो रहा है। विश्व खाद्य कार्यक्रम के उप कार्यकारी निदेशक कार्ल स्काऊ ने कहा कि गाजा में बच्चों के कुपोषण का यह स्तर दुनिया के किसी भी हिस्से में देखा गया अब तक का सबसे गंभीर स्तर है।

**संगोष्ठी**



नई दिल्ली में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, परषोत्तम रूपाला बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में चारा संगोष्ठी कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

## चीन का अनुसंधान जहाज मालदीव से हुआ रवाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

माले। पिछले सप्ताह यहां एक बंदरगाह पर पहुंचा 4500 टन वजनी उच्च प्रौद्योगिकी से लैस चीन का अनुसंधान जहाज मालदीव की तट से रवाना हो गया है।

स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह खबर दी। आधिकारिक रूप से जियांग यांग हांग थ्री नामक यह चीनी जहाज ने कर्मियों को बदलने और आपूर्ति के लिए' के लिए बंदरगाह पर लंगर डाला था। हुलमुमाले माले के उत्तर पूर्व में 10 किलोमीटर से भी कम दूरी पर है। यह जहाज 23 फरवरी को थिलाफुशी पर रूका था जो माले से पश्चिम में करीब साढ़े सात किलोमीटर दूर है।

न्यूज पोर्टल ने कहा, ऐसी संभावना है कि इस जहाज ने ट्रैकिंग प्रणाली बंद कर दी हो जैसा उसने 22 फरवरी को इंडोनिया के तट के पास जावा समुद्री क्षेत्र से माले रवाना होते हुए किया था।

न्यूज पोर्टल के मुताबिक 100 मीटर लंबे इस जहाज को 2016 में चीन के सरकारी समुद्री प्रशासन के बेड़े में शामिल किया गया था। चीन में यह एकमात्र 4500 टन का वजनी जहाज है। 201 से चीन अपने पायलट ओसियन लेबोरेटरी में 'तट से दूर समुद्र में ' एवं 'गहरे सागर' में सर्वेक्षण के लिए इस जहाज का इस्तेमाल कर रहा है। पांच जनवरी को श्रीलंका ने जियांग यांग हांग थ्री के प्रवेश को अनुमति देने से इनकार करते हुए कहा था कि उसने अपनी समुद्री सीमा में विदेशी अनुसंधन जहाजों के प्रवेश पर एक साल के लिए रोक लगाने की घोषणा की है। भारत ने अपने पड़ोस में चीन के अनुसंधान जहाजों के लंगर डालने पर चिंता प्रकट की थी। संयोग से यह चीनी जहाज भारत-मालदीव-श्रीलंका त्रिपक्षीय 'दोस्ती-16' अभ्यास के स्थल के समीप ही था। यह अभ्यास 22 फरवरी और 25 फरवरी के बीच हुआ था।

नयी चीन समर्थक मालदीव सरकार ने 23 जनवरी को कहा था कि उसने अनुसंधान एवं सर्वेक्षण की सुविधाओं से लैस इस अनुसंधान जहाज को माले बंदरगाह पर ठहरने की अनुमति दी है क्योंकि उसका पड़ाव कर्मियों की पाली बदलने के लिए था तथा यह 'मालदीव समुद्री सीमा में रहने के दौरान कोई अनुसंधान नहीं करेगा।

एक अमेरिकी थिंक टैंक ने आरोप लगाया गया है कि चीनी 'वैज्ञानिक अनुसंधान' जहाजों का विशाल बेड़ा सैन्य मकसदों खासकर पनडुब्बी संचालन के लिए हिंद महासागर क्षेत्र समेत सागरों से आंकड़ा जुटा रहा है। चीन ने इस आरोप का खंडन किया है। उसका कहना है कि उसके जहाज संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के तहत संचालित होते हैं।


झारखंड के रांची में बुधवार को झारखंड विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे।

## दो ऑडियो क्लिप से पाकिस्तान में चुनावों में धांधली संबंधी इमरान खान के दावों को बल मिला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लाहौर/कराची। सोशल मीडिया पर बुधवार को लीक हुई मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान के मुख्य नेताओं की दो ऑडियो क्लिप से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के उस दावे को बल मिला है कि आठ फरवरी के चुनावों में 'बड़े पैमाने पर धांधली हुई थी और उसका जनादेश चोरी हुआ था। एक ऑडियो क्लिप में सिंध के गवर्नर कामरान टेसोरी को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना गया है, वे कहते हैं कि हमारा जनादेश 100 प्रतिशत फर्जी है। टेसोरी को किसी से यह कहते हुए सुना जाता है कि जब वह गर्वनर बने, तो मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान ने इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के साथ गठबंधन किया था। गर्वनर ने कहा कि इससे पहले एमक्यूएम-पी को 2018 के चुनावों में कराची में नेशनल असेंबली की सात सीट मिली थी क्योंकि तब उसके पास अपना वास्तविक वोट बैंक था। उन्होंने कहा, आज (आठ फरवरी को मतदान) हमें वोट नहीं मिले। इमरान खान और उनकी पार्टी 'पीटीआई' ने चुनावों में धांधली का आरोप लगाया है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के अनुसार, 'पीटीआई' समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली की 92 सीट पर जीत दर्ज की, जो पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) से अधिक है।

खान के 'पीटीआई' समर्थित उम्मीदवारों ने प्रांतीय विधानसभाओं में 113 सीटें हासिल कीं। स्पष्ट बहुमत के अभाव में, पीएमएल-एन और पीपीपी ने कई अन्य निर्दलीय विधायकों के साथ ही चार अन्य छोटे दलों के साथ मिलकर गठबंधन बनाया है। समझौते के मुताबिक पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री होंगे, हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार कब शपथ लेगी। ऑडियो क्लिप में, गवर्नर ने यह भी शिकायत की कि वे एमक्यूएम को केंद्र में एक मंत्रालय दे रहे हैं और अपने गवर्नर को सिंध भी ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी उन पर दबाव बना रही है कि सिंध का गवर्नर एमक्यूएम-पी से नहीं होना चाहिए। टेसोरी ने यह भी कहा कि अगर एमक्यूएम-पी केंद्र में शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में शामिल होती है, तो पार्टी का भविष्य खराब होने वाला है। समाचार पत्र 'जंग' ने टेसोरी के हवाले से अपनी खबर में कहा, अब हमें जो मिल रहा है वह एक मंत्री पद है। वे गवर्नर का पद भी छीनना चाहते हैं और सबसे खराब बात यह है कि हमने अब अपने मतदाताओं का भरोसा और विश्वास खो दिया है। टेसोरी ने ऑडियो क्लिप में यह भी चेतावनी दी है कि अगर एमक्यूएम केंद्र या सिंध में किसी भी सरकार में शामिल होती है, तो उसे अपने मतदाताओं से काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ेगा, जो जानते हैं कि पार्टी को हाल के चुनावों में फर्जी वोट मिले हैं। एक अन्य ऑडियो क्लिप में एमक्यूएम-पी के वरिष्ठ उप संयोजक मुस्तफा कमाल को यह कहते हुए सुना गया, हमने पीएमएल-एन प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उन्होंने हमें दो बातें बताईं - पीपीपी कह रही है कि एमक्यूएम-पी का जनादेश 100 प्रतिशत फर्जी है और चूंकि पीएमएल-एन और पीपीपी के पास सरकार बनाने के लिए संसद में आवश्यक संख्या है, इसलिए एमक्यूएम-पी को किनारे किया जाना चाहिए।



## 'तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

फिल्म तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' में करण कुंद्रा,रणदीप हुड्डा और इलियाना डिक्रूज की मुख्य भूमिका है।फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है।इस फिल्म में रणदीप हुड्डा पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं। बलविंदर सिंह जंजुआ के निर्देशन में बनी फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' 08 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## फिल्म 'औरों में कहां दम था' रिलीज डेट आगे खिसकी

मुंबई/एजेन्सी

अजय देवगन इस वर्ष कई फिल्मों में दिखाई देने वाले हैं। सबसे पहले अजय दर्शकों के सामने 8 मार्च को शैतान लेकर आ रहे हैं, जिसमें उनके साथ आर.माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह एक हॉरर थ्रिलर फिल्म है जिसके ट्रेलर ने दर्शकों को इस फिल्म के प्रति काफी उत्साहित किया है। कहा जा रहा है कि यह फिल्म दृश्यम और दृश्यम-2 की तरह बॉक्स ऑफिस पर कमाल करेगी। इसके बाद अजय देवगन एक बार फिर तब्बू के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए 'औरों में कहां दम था' में नजर आएंगे। यह फिल्म पहले 26 अप्रैल को प्रदर्शित होने वाली थी। हालांकि अब इस फिल्म की रिलीज डेट आगे खिसक गई है। इसके राइटर और डायरेक्टर नीरज पांडे ने नई रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी है। नीरज ने एक मीडिया पोर्टल से बात करते हुए कहा कि 'औरों में कहां दम था' एक रोमांटिक म्यूजिकल लव स्टोरी है।



अभी इसकी रिलीज डेट पर इतना ही कह सकता हूं कि यह जून में बकरीद पर रिलीज होगी। हालांकि इसकी रिलीज डेट अनाउंस करने के लिए हम टीजर लेकर आएंगे। बता दें कि पहले यह फिल्म 26 अप्रैल को रिलीज होनी थी। मेकर्स ने यह भी तय नहीं किया है कि यह सिनेमाघरों में रिलीज होगी या फिर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर। फिल्म में अजय और तब्बू के अलावा जिमी शेरगिल, शांतनु माहेश्वरी और सई मांजरेकर भी अहम रोल में हैं। यह पहली बार होगा जब नीरज और अजय की जोड़ी बनी है। इसे कुमार मंगत पाठक ने प्रोड्यूस किया है। उल्लेखनीय है कि यह नीरज की छठी फिल्म है। जून में ही कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' और कार्तिक आर्यन की 'चंदू चैंपियन' भी रिलीज होनी है।

## मार्च में सिख और ईसाई धर्म के अनुसार विवाह बंधन में बंधेगी तापसी पन्नू

मुंबई/एजेन्सी

बी-टाउन में शादियों का सीजन चल रहा है। हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी शादी के बंधन में बंधे। मार्च में पुलकित सम्राट-कृति खरबंदा भी शादी करने वाले हैं। वहीं अब बॉलीवुड की एक और एक्ट्रेस दुल्हन बनने जा रही है। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस तापसी पन्नू हैं। एक्ट्रेस तापसी पन्नू हमेशा किसी न किसी कारण से समाचारों में रहती हैं। कभी उनकी प्रोफेशनल लाइफ की हाईलाइट होती है, तो कभी पर्सनल लाइफ की बात। फिलहाल उनकी निजी जिंदगी से जुड़ी एक खास खबर सामने आ रही है। हाल ही एक्ट्रेस रकुलप्रीत सिंह ने फिल्ममेकर जैकी भगनानी के साथ सात फेरे लिए हैं और अब तापसी के फैंस के लिए भी गुडन्यूज है। तापसी अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड डेनमार्क के बैडमिंटन प्लेयर मैथियास बो के साथ शादी रचाने वाली हैं।



मैथियास 2 बार यूरोपियन चैंपियन और ओलंपिक मेडलिस्ट रह चुके हैं। तापसी (36) मैथियास (43) को 10 साल से डेट कर रही हैं। हालांकि तापसी ने इस रिश्ते का कभी प्रचार नहीं किया। बताया जा रहा है कि तापसी मार्च में शादी करेंगी। पिछले कुछ सालों में बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के लिए डेस्टिनेशन वेडिंग के रूप में राजस्थान पहली पसंद बना हुआ है और तापसी भी इसी प्रदेश में ब्याह रचाएंगी। वह झीलों की नगर उदयपुर में शादी करेंगी। तापसी-मैथियास 2 अलग-अलग धर्म सिख और क्रिश्चियन के रीति-रिवाज के हिसाब से शादी करेंगे। उनकी गेस्ट लिस्ट में बॉलीवुड सितारे शामिल नहीं हैं। कपल सिर्फ परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी करेगा। हालांकि अभी तक कपल ने शादी को लेकर कोई रिएक्शन नहीं दी है।

एक्ट्रेस रवीना टंडन-अनिल थडानी, प्रियंका चोपड़ा-निक जोनस, कैटरीना कैफ-विक्की कौशल, कियारा आडवाणी-सिद्धार्थ मल्होत्रा और परिणीति चोपड़ा-राघव चड्ढा की शादी भी राजस्थान में ही हुई थी। तापसी ने हाल ही में मैथियास के बारे में खुलकर बात की थी। तापसी ने कहा था कि मैं उनसे तब मिली थीं जब अपनी पहली हिंदी फिल्म 'चश्मे बद्दूर' (2012) की शूटिंग कर रही थीं। मैं इस रिश्ते से बेहद खुश हूं और इसे आगे बढ़ाना चाहती हूं।

जब तापसी से शादी को लेकर पूछा गया तो उन्होंने इस पर कुछ भी कहने से साफ मना कर दिया था। तापसी के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी पिछली फिल्म 'डंकी' थी। फिल्म पिछले साल 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें तापसी ने पहली बार सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ स्क्रीन शेयर की थी। इस साल तापसी 'फिर आई हसीना दिलरुबा', 'वो लड़की है कहां' जैसी फिल्में शामिल हैं।

## निशांत जैसी फिल्मों में काम करना चाहती है महिमा मकवाना

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा मकवाना, निशांत जैसी फिल्मों में काम करना चाहती है। महिमा मकवाना ने टीवी शो 'मोहे रंग दे', सीआईडी, 'आहट', 'मिले जब हम तुम','सपने सुहाने लड़कपन के' में काम किया है। महिमा ने कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम किया। महिमा मकवाना ने सलमान खान प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म अंतिम से बॉलीवुड में डेब्यू किया। महिमा मकवाना इन दिनों अपनी आने वाली वेबसीरीज शो टाइम को लेकर चर्चा में है।करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनायी गयी है। महिमा मकवाना ने इस शो में नवोदित कलाकार का किरदार निभाया है,जो इंडस्ट्री में कदम जमाने की कोशिश कर रही हैं, और उनका मुकाबला सुपरस्टार इमरान हाशमी के साथ है। महिमा मकवाना ने बताया कि शो टाइम बेहद इंटरटेनिंग शो है। फिल्म में मेरा किरदार महिका नंदी का है। महिका का किरदार निभाना मेरे लिये बेहद चुनौतीपूर्ण रहा है। शो टाइम में दिखाया गया है कि किस तरह से फिल्मी दुनिया में इनसाइडर और आउटसाइडर के बीच क्लैश चलता है।मुझे उम्मीद है कि शो टाइम दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ ही उन्हें संदेश भी देगा। महिमा मकवाना ने बताया कि उन्हें स्मिता पाटिल, शबाना आजमी, तब्बू की फिल्में बेहद पसंद है। उन्होंने बताया कि उन्हें स्मिता पाटिल-शबाना आजमी और नसीरउद्दीन साह की फिल्म निशांत बेहद पसंद है। यदि उन्हें अवसर मिलता है वह निशांत जैसी फिल्मों में काम करना पसंद करेंगी। शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह ,श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना,की अहम भूमिका है।धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। वेबसीरीज शोटाइम 08 मार्च 2024 को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।


## 'क्रैक' बनी तो अक्षय के साथ ही बनेगी नहीं तो नहीं बनेगी

मुंबई/एजेन्सी

अक्षय कुमार और निर्देशक नीरज पांडे की जोड़ी ने बड़े पर्दे पर खूब कमाल किया है। नीरज ने अक्षय को लीड रोल में लेकर जहां 'बेबी' और 'स्पेशल 26' जैसी बेहतरीन फिल्में निर्देशित की हैं, वहीं नीरज, अक्षय की 'रुस्तम', 'टॉयलेट: एक प्रेम कथा' और 'नाम शबाना' के प्रोड्यूसर भी रहे हैं। इस जोड़ी का साथ आना हमेशा बड़े पर्दे पर धमाका लेकर आया है और इनकी ये पांचों फिल्में अपनी-अपनी जगह तगड़ी हिट्स रही हैं। मगर 2015 में आई 'स्पेशल 26' के बाद से ही फैन्स का ये सपना अधूरा पड़ा है कि नीरज पांडे के डायरेक्शन में अक्षय कुमार एक बार फिर से हीरो बनकर आएं। निर्देशक-हीरो की इस जोड़ी ने अपना तीसरा प्रोजेक्ट अनाउंस भी किया था, मगर वो ठंडे बस्ते में चला गया। अब नीरज ने अक्षय के साथ अपने इस तीसरे प्रोजेक्ट पर एक बड़ा अपडेट शेयर किया है।

2016 में अक्षय और नीरज ने, साथ में अपना तीसरा प्रोजेक्ट अनाउंस किया था। इसे स्पेशल फोर्सेज पर बेस्ड एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर बताया जा रहा था. फिल्म की अनाउंसमेंट खूब सुर्खियों में रही थी। मगर फिर नीरज ने इस फिल्म के बारे में बात करना बंद कर दिया और ये मान लिया गया कि 'क्रैक' खुद ही बिखर चुकी है। लेकिन नीरज ने इंटरव्यूज में ये बताया था कि उन्हें 'क्रैक' की स्क्रिप्ट नहीं पसंद आ रही थी और वो फिल्म की कहानी सही होने तक इसे शुरू नहीं करना चाहते थे।

अब पिंकविला के साथ एक इंटरव्यू में जब नीरज से पूछा गया कि की क्या वो 'क्रैक' को दोबारा शुरू करने के मूड में हैं? तो नीरज ने कहा, 'अगर क्रैक बनेगी तो वो अक्षय के साथ ही बनेगी किसी और के साथ नहींद्ध' नीरज की ये बात उन लाखों प्रशंसकों के लिए एक बहुत बड़ी राहत है जो अक्षय को फिर से उनके साथ काम करते देखना चाहते हैं। फिल्म 'क्रैक' के अटकने के बाद इस तरह की खबरें भी आई थीं कि शायद नीरज और अक्षय के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। हालांकि नीरज ने आगे आकर ये कहा था कि ऐसा कुछ नहीं है और ये फिल्म केवल इसलिए आगे नहीं बढ़ पाई क्योंकि वो इसकी कहानी को लेकर कॉन्फिडेंट नहीं थे। अब अक्षय के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए नीरज ने कहा कि सही पटकथा मिल जाए, तो वो अक्षय के साथ रीयूनियन से बहुत खुश होंगे। अक्षय के साथ दोबारा काम करने के बारे में नीरज ने कहा, 'अभी कुछ भी नहीं है, लेकिन क्यों नहीं। अगर कुछ अच्छा हुआ और सही वक्त आया, हम साथ में जरूर काम करेंगे।'



RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जिस प्रकार फूलों में सर्वश्रेष्ठ गुलाब होता है वैसे ही गुरुओं में भी सर्वश्रेष्ठ है गुरु राजेन्द्रसूरीश्वरजी। गुरु का उपकार जिस पर हो जाता है उसका कल्याण हो जाता है। गुरु हमेशा पुण्य से व पुण्यशाली को मिलते हैं और जिसको भी मिलते है उसका जीवन सफल हो जाता है। राजेन्द्र सूरी ने जिनशान के लिए अनेक कार्य किए तथा उन्हें अनेक पदवियों से नवाजा गया परन्तु उन्होंने कभी की पद व पदवी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राजेन्द्र सूरी एवं सरल व तपस्वी संत थे।




# ‘हम चले सिद्धाचल’ छरिपालक संघ में शामिल श्रद्धालुओं ने लिया आचार्यश्री का आशीर्वाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयम्बटूर।** शहर के शांतिदेवी चंपालालजी भीकमचंद कुंकलोल परिवार द्वारा ‘हम चलें सिद्धाचल’ छरीपालक संघ के अंतर्गत आचार्यश्री अरुणोदयासागर सूरीश्वरजी, आचार्यश्री अरविंदसागर सूरीश्वरजी का नगरप्रवेश हुआ। शाम को सामैया के साथ साधु साध्वियां व श्रावक श्राविकाएं एक शोभायात्रा के रूप में तीर्थ नगरी के संवेग वाटिका पहुंचे। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर संतों का स्वागत किया। इस मौके पर आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए सिरेमल कुंकलोल ने सभी का स्वागत किया। आचार्यश्री ने अपने प्रवचन में कहा कि जैन धर्म में छरिपालक संघ का विशेष स्थान होता है। ऐसा कोई पाप नहीं होता जो छरिपालक संघ के आयोजन से दूर न हो। छरिपालक संघ से सारे ब्रह्मांड की ऊर्जा मिलती है। जो छरिपालक संघ का आयोजन करता है और जो इसमें भाग लेता है उनको अथाह पुण्य की प्राप्ति होती है। संतों ने सभी यात्रियों को छरिपालक के छह नियों में जानकारी देते हुए सभी 750 यात्रियों को आशीर्वाप दिया।।

सज्जनराज कुंकलोल ने बताया कि ’हम चले सिद्धाचल’ यात्रा संघ कोयम्बटूर से 24 से प्रारंभ हुआ था तथा 29 फरवरी से शोहनगढ़ से पैदल यात्रा शुरू होकर 2 मार्च को सिद्धाचल पालीताणा शत्रुंजय तीर्थ यात्रा आचार्यश्री के निश्रा में तीर्थ में पहुंचेगी। यात्रियों ने संघपति का आभार व्यक्त किया और सम्मान किया। अंत में अशोक कुंकलोल ने सभी को धन्यवाद दिया। यह जानकारी किशोर कुमार जैन ने दी।



# जालौर रेल चलाने की मांग को लेकर प्रवासियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

ओंगल। आंध्र प्रदेश के शहर ओंगल के लोकसभा सासंद मागुंटा श्रीनिवासलु रेड्डी के ऑफिस में रेल संघर्ष समिति के सदस्य राजस्थानी प्रवासी युवा मंडल के सचिव जालमसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष कल्याणसिंह राजपुरोहित ने सांसद से मुलाकात कर चेन्नई से वाया ओंगल, विजयवाड़ा, अहमदाबाद, पाटन, जालौर होते हुए बाड़मेर जोधपुर ट्रेन चलाने की मांग की । प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रवासियों की यह लम्बित मांग है। प्रवासियों के लिए सीधी रेल नहीं होने के कारण बहुत तकलीफ होती है। प्रतिनिधियों ने सांसद से नई रेल के लिए मांग करते हुए इसे पूरा कराने के लिए निवेदन किया। सांसद ने प्रवासियों की मुलाकात पर खुशी जताते हुए उनकी मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया। चेन्नई में राजस्थानी प्रवासी युवा मंडल के डार्विन शर्मा, विनोद जैन, जैसाराम माली, जोगाराम पटेल, हड़मताराम देवासी, धीर सिंह सहित कई प्रवासी प्रयासरत हैं।

## रथयात्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत





कोयम्बटूर की रक्षा देवी के रुप में पहचानी जाने वाली देवी मां कोनियमन की रथयात्रा निकाली गई। राजा स्ट्रीट स्थित थेरमुट्टी मैदान से रथयात्रा शुरू हुई और शहर के मुख्य मार्ग से होकर मंदिर पहुंची। व्यापारियों ने श्रद्धालुओं को नाश्ता, पेयजल, फल, छाछ आदि का वितरण किया।




# वैष्णव महाविद्यालय ने मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

## राज्य स्तरीय रक्षा उपकरणो की लगाई प्रदर्शनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। अरुम्बाक्कम में स्थित द्वारका दास गोवर्धन दास वैष्णव महाविद्यालय में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। परिसर में भौतिकी विभाग (शिफ्ट2) द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में शहर के विभिन्न स्कूलों से लगभग 1500 छात्र आए और भारत को रक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ता देख छोटे विज्ञान प्रेमी रोमांचित थे । विज्ञान मेले का मुख्य आकर्षण भारतीय रक्षा क्षेत्र के शस्त्रागार में असंख्य गोला-बारूद का प्रदर्शन था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आए डॉ एम वी शंकरणरायनन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के रसायन विभाग के प्रोफेसर थे। उन्होंने इसे अभूतपूर्व बताया और कहा की आज आए हुए इन छोटे-छोटे वैज्ञानिकों में से ही कोई आने वाले समय में बड़ा वैज्ञानिक बनकर देश का नाम रोशन करेगा। प्राचार्य, डॉ.संतोष बाबू ने सभी का स्वागत किया और विज्ञान दिवस की बधाई दी। कॉलेज के सचिव श्री अशोक कुमार मूंधड़ा ने इस आयोजन के अवसर पर स्कूली छात्र- छात्राओं का स्वागत करते हुए उनके लिए एक बड़ा दिन बताया।

अर्जुन बख्तरबंद रिकवरी और मरम्मत वाहन, बख्तरबंद एम्बुलेंस, एमबीटी अर्जुन एमके 1 और रुस्तम2 के लिए रिट्रैक्टेबल लैंडिंग गियर सिस्टम जैसे सैन्य वाहनों का प्रदर्शन किया गया। भारतीय वायुसेना में शामिल ड्रोनों का भी प्रदर्शन किया गया। एग्रीकल्चरल ड्रोन, फिक्स्ड विंग और सर्विलांस ड्रोन जैसे ड्रोन ने आगंतुकों का मन मोह लिया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के संयुक्त निदेशक और प्रमुख, डॉ. अंबजगन अपनी टीम के साथ प्रदर्शनी में सभी रक्षा उपकरण लेकर आए और छात्रों को उनके कार्यों और दक्षता के बारे में शिक्षित किया। ड्रोन निर्माण कंपनी गरुड़ एयरोस्पेस ने भी डॉ. कृष्णन के प्रयासों के तहत प्रदर्शनी में मॉडल का योगदान दिया।



# सिंधी हिंदू मंडल एसोसिएशन द्वारा सीनियर्स डे आउट का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। सिंधी हिंदू मंडल एसोसिएशन द्वारा सीनियर्स डे आउट का आयोजन सिंधु सदन प्रांगण में आयोजित किया गया। सौ वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वादिष्ट भोजन एवं मनोरंजन की व्यवस्था कराई जिसका सभी ने आनंद उठाया। सभी वरिष्ठजनों ने पूरे जोश के साथ सभी ने आयोजित खेल में हिस्सा लिया। सिंधी समुदाय निरंतर सार्थक आयोजनों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों की खुशी को प्राथमिकता देता रहा है। इस आयोजन में दीपक छाबड़िया का विशेष सहयोग रहा।



# चेन्नई कन्या मंडल द्वारा लघु नाटिका की प्रस्तुति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। अखिल भारतीय तेरापंथ कन्या मंडल के निर्देशानुसार एवं चेन्नई महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ कन्या मंडल द्वारा अनुभूति, भाषा, समृद्धि, संवाद लघु नाटिका प्रस्तुत की गई जिसका विषय था ‘आचार्य भिक्षु की मर्यादाओं में छुपे हुए जीवन विकास के सूत्र’। तेरापंथ कन्या मंडल चेन्नई की कन्याओं ने भी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी संगीता आच्छा, सहप्रभारी मंजू दक, संयोजिका खुशी धोका का सहयोग रहा।

# गगनयान मिशन के लिए नामित चार अंतरिक्ष यात्री ले रहे कड़ा प्रशिक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा 2025 में गगनयान मिशन के तहत पृथ्वी की कक्षा में भेजने के लिए चुने गए अंतरिक्ष यात्री उड़ान अभ्यास और योग के अलावा सिमुलेटर, सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में रहने के अभ्यास सहित कड़े प्रशिक्षण से गुजर रहे हैं। इसरो का संबंधित प्रशिक्षण प्रतिष्ठान यहां भारतीय वायुसेना के पायलटों-ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला के लिए ऐसी गतिविधियों का केंद्र है।

इसरो के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा, ‘‘उन्हें एयरो-मेडिकल, स्थिति से निपटने और विपरीत परिस्थितियों में जीवित रहने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।’’ उन्होंने कहा, ‘‘यह क्लासरूम प्रशिक्षण, शारीरिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण, सिमुलेटर प्रशिक्षण और फ्लाइट सूट प्रशिक्षण के अतिरिक्त है।’’ अंतरिक्ष एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि प्रशिक्षण मॉड्यूल में शैक्षणिक पाठ्यक्रम, गगनयान उड़ान प्रणाली, परवलयिक उड़ानों के माध्यम से सूक्ष्म-गुरुत्वाकर्षण की जानकारी, पुनर्प्राप्ति प्रशिक्षण, उड़ान प्रक्रियाओं में महारत हासिल करना और चालक दल प्रशिक्षण सिमुलेटर पर प्रशिक्षण भी शामिल है। उन्होंने कहा, ‘‘इन प्रशक्षिण सत्रों में समय-समय पर उड़ान भरने का प्रशिक्षण और योग भी शामिल है।’’ सूत्रों ने बताया कि रूस स्थित गगारिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर (जीसीटीसी) में चारों भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के सामान्य अंतरिक्ष उड़ान प्रशिक्षण के सफल समापन के बाद भारत में खासतौर पर गगनयान मिशन के लिए उनका प्रशिक्षण शुरू हो गया है।

सूत्रों ने कहा, विशेष तौर पर इस मिशन के लिए दिए जाने प्रशिक्षण में इंजीनियरिंग विषयों में सैद्धांतिक पाठ्यक्रम, गगनयान उड़ान प्रणालियों पर प्रशिक्षण और सिमुलेटर व उड़ान प्रक्रियाओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल है।

अधिकारी ने कहा, ‘‘चालक दल प्रशिक्षण का पहला सेमेस्टर सफलतापूर्वक पूरा हो गया है और इसमें 39 प्रशिक्षण गतिविधियां शामिल थीं। इन सदस्यों ने इसरो और बेंगलूरु में भारतीय विज्ञान संस्थान में 40 संकायों के 218 व्याख्यानों में भाग लिया। इसमें 75 शारीरिक प्रशिक्षण सत्र, उड़ान अभ्यास, चिकित्सा मूल्यांकन और पाठ्यक्रम मूल्यांकन शामिल था।’’



# पेरम्बूर में लेजर फिजियोथेरेपी मशीन का हुआ उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** युवाचार्य मधुकर मुनि जैन हास्पिटल पेरम्बूर के प्रांगण में भगवान महावीर वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में हॉस्पिटल में लेजर फिजियो थेरेपीमशीन का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित एसएसजैन संघ के अध्यक्ष प्रकाशचन्द बोहरा ने उद्घाटन किया। यह मशीन भी प्रकाशचन्द बोहरा द्वारा ही दी गइ है।

इस आधुनिक मशीन से अनेक मरीजों को बहुत कम शुल्क में चिकित्सा प्रदान की जाएगी। संस्था के रजत वर्ष के उपलक्ष में विभिन्न सेवाओं के अंतर्गत इस मशीन का लोकार्पण किया गया। इसी कड़ी में आगामी 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्त्री रोग चिकित्सा का नि:शुल्क शिविर का आयोजन रखा गया है।

अध्यक्ष पारसमल सुराणा ने बताया कि हॉस्पिटल में रोजना लगभग 200 मरीजों को, यह सेवाएं दी जाती है। सहमंत्री अजित गोठी ने कहा कि यह संस्था उत्तरोतर प्रगति पर है।

इस मौके उपाध्यक्ष विजय तातेड़, अजित पटवा, गौतम सकलेचा, महेन्द्र तालेड़ा, आनन्द हिंगड़, भंवरलाल खिंवसरा, संजय मेहता, सुरेन्द्र ललवाणी, रूपराज कोठारी, मदनलाल कुंकुलोल, महावीर डाफरीया, महावीर मुथा, इन्द्रचन्द विनायकिया, उगम बोहरा आदि ने सेवाएं दी। यह सूचना मंत्री चेतना पटवा ने दी।



# आरआर नगर के श्रावकों ने आचार्यश्री से किया चातुर्मास का निवेदन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के राजराजेश्वरीनगर के प्रतिनिधि मंडल ने मुम्बई पहुंचकर आचार्यश्री महाश्रमणजी के दर्शन कर उनसे राजराजेश्वरीनगर के लिए चातुर्मास प्रदान करने का निवेदन किया। तेरापंथ ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज डागा के नेतृत्व में सभा के पूर्व अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष राकेश छाजेड़, संगठन मंत्री राजेश छाजेड़, गणेशमल नाहर, बुद्धमल बैंगाणी, बिनोद छाजेड़ के साथ तेयुप से अध्यक्ष विकास छाजेड़, पूर्व अध्यक्ष नरेश बांठिया, संगठन मंत्री बिकाश जैन ने संतों के दर्शन किए तथा चातुर्मास में लिए निवेदन किया। मनोज डागा ने गुरुदेव को आर आर नगर की वस्तुस्थिति से अवगत कराया एवं लिखित रूप में भी निवेदन पत्र सौंपा।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.